




आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच






वर्ष : 26 | अंक : 300 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 21 अक्टूबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


# यूपी पुलिस को 'दिवाली गिफ्ट'

## वर्दी भत्ते में बढ़ोत्तरी, 1380 करोड़ के कॉपर्स फंड की घोषणा







**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिसकर्मियों को दिवाली का तोहफा दिया है। सीएम योगी ने पुलिसकर्मियों के वर्दी भत्ते में 70 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी का एलान किया है। इससे 58 करोड़ रुपये का व्यय भार पड़ेगा। वहीं पुलिसकर्मियों के आवास के लिए 1380 करोड़ रूपये के कॉर्पस फंड की भी घोषणा की है। इस मौके पर सीएम योगी ने बलिदानी सिपाही रोहित कुमार और सचिन राठी के परिजनों को सम्मानित किया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ पुलिस लाइन में बलिदानी पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिसकर्मियों के वर्दी भत्ते में 70 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की। कुशल खिलाड़ियों के लिए वित्तीय सहायता की राशि 70 लाख से बढ़ाकर 10 करोड़ की गई। पुलिस विभाग के नये बहुमंजिला आवासीय भवनों की लिफ्ट व अन्य रखरखाव के लिए एक हजार 380 करोड़ रुपये के कार्पस फंड की घोषणा भी की। बैरकों में रहने वाले पुलिसकर्मियों के आवासीय भत्ते के लिए 47 करोड़ रुपये देने की भी घोषणा की। इसका लाभ 25 प्रतिशत पुलिसकर्मियों को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी पुलिस ने श्री रामजन्म भूमि मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा व लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

### यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसा

## इनोवा में घुसी वैगनआर कार सड़क पर तीन लोगों ने तोड़ा दम



**मथुरा (एजेंसी)।** मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर आज (सोमवार) सुबह दर्दनाक हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आगरा से नोएडा जा रही कार में पांच लोग सवार थे। एक्सप्रेस वे पर माइल स्टोन 110 पर यह कार आगे जा रहे वाहन से जा टकराई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। कार सवार लोग वाराणसी से दिल्ली की ओर लौट रहे थे।

यमुना एक्सप्रेसवे पर आगरा की तरफ से आ रही वैगनआर कार आगे जा रही इनोवा कार में जा घुसी। तेज आवाज के साथ एक्सप्रेसवे पर चीख पुकार मच गई। दुर्घटना में मरने वाले लोग दिल्ली और बिहार के रहने वाले थे। उनकी पहचान स्वरूप नगर दिल्ली के रहने वाले पंकज वर्मा, छपरा बिहार के रोहित निवासी चचौरा (बिहार)और दरभंगा के भवेश यादव के रूप में हुई है। इसी तरह दिल्ली निवासी अंकित और बुराड़ी दिल्ली निवासी निर्मल कुमार घायल हैं। पुलिस के मुताबिक कार चालक को झपकी आने के चलते यह हादसा हुआ है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## मातहत अफसरों संग सड़क पर उतरे सीईओ

### साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



**नोएडा (चेतना मंच)।** त्यौहार के अवसर पर शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए आज नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डा. लोकेश एम ने अपने मातहत अफसरों के साथ सड़कों पर उतरे। सीईओ ने डीएससी रोड एमपी रोड नंबर-1 तथा अन्य सेक्टरों का निरीक्षण कर साफसफाई तथा अन्य सिविल कार्यों का जायजा लिया। खबर लिखे जाने तक निरीक्षण जारी था। इस मौके पर उनके साथ उप महाप्रबंधक (सिविल) विजय रावल, जन स्वास्थ्य विभाग के महाप्रबंधक एसपी सिंह, जल एवं सीवर विभाग के महाप्रबंधक आरपी सिंह, जनस्वास्थ्य विभाग खंड-1 के वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल तथा उद्यान एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## 13वीं मंजिल से गिरकर व्यापारी के बेटे की मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-107 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले व्यापारी का 10 वर्षीय बेटा संदिग्ध परिस्थितियों में 13वीं मंजिल से नीचे गिर गया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर-107 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले 10 वर्षीय पांचवी कक्षा के छात्र अरमान बलूजा रविवार को अपनी सोसाइटी के 13वीं मंजिल से संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिर गया। उसे गंभीर हालत में यथार्थ अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना के समय मृतक के माता-पिता किसी के घर डिनर करने गए थे। मृतक के पिता की सेक्टर-18 में दुकान है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मॉडर्न स्कूल के बाहर अभिभावकों का प्रदर्शन

### बैड टच मामले में प्रिंसिपल को हटाने की मांग पर अड़े



**नोएडा (चेतना मंच)।** शहर के नामचीन कैंब्रिज स्कूल के बाद अब सेक्टर 12 स्थित मॉडर्न स्कूल में बैड टच का मामला सामने आया है। इस मामले से अभिभावक बेहद गुस्से में हैं। उन्होंने मॉडर्न स्कूल के गेट पर प्रदर्शन कर धरना दिया। अभिभावकों ने प्रिंसिपल को तत्काल हटाने की मांग की है।

मॉडर्न स्कूल में कथित रूप से 'बैड टच' के एक मामले में स्कूल की प्रिंसिपल की भूमिका को लेकर सवाल उठाए गए हैं। छात्रों के अभिभावकों का कहना है कि स्कूल प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया और उचित कदम उठाने में देरी की। इस लापरवाही से (शेष पृष्ठ-3 पर)

## ससुरालियों ने बहन को आत्महत्या के लिए उकसाया

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दनकौर में एक व्यक्ति ने अपनी बहन को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में उसके पति सहित ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाने में पीड़ित ने अपने बहनोंई सहित सात लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम रामपुर माजरा निवासी दशरथ ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी बहन की शादी 29 नवंबर 2011 को ऊंची दनकौर निवासी प्रमोद नागर के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही प्रमोद नागर, उसके पिता राजवीर, मां कांति, बहन मधु,मंजू, मनीषा व जीजा अमित द्वारा उसकी बहन को प्रताड़ित किया जाने लगा। वर्ष 2020 में उसकी बहन के साथ मारपीट कर उसे तीन बच्चों के साथ घर से बाहर निकाल दिया गया। इसके बाद उन्होंने आरोपियों के खिलाफ नोएडा के महिला थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया। इस मामले में पति के विरुद्ध भरण पोषण की धनराशि की वसूली के लिए परिवार न्यायालय में मुकदमा भी चल रहा था। इस मामले में फैसला करने के (शेष पृष्ठ-3 पर)

## नीलकंठ रेजिडेंसी के फ्लैट में चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के नीलकंठ रेजिडेंसी में रहने वाले एक व्यक्ति के घर से चोरों ने नगदी व लाखों रुपए के जेवरात चोरी कर लिए। नवनीत कुमार पाठक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 13 अक्टूबर की रात्रि को अज्ञात चोरों ने उनके घर से 30000 की नगदी व सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। सुबह के समय उन्हें चोरी की घटना की जानकारी हुई। थाना प्रभारी का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को भी खंगाला जा रहा है।

## विधवा महिला का शारीरिक शोषण, जमा पूंजी भी हड़पी

**नोएडा (चेतना मंच)।** पति की मौत के बाद महिला से नजदीकी बढ़ाकर जालसाज ने उसकी जिंदगी नरक बना दी। शारीरिक शोषण करने के साथ-साथ आरोपी ने व्यवसाय करने के नाम पर महिला की लाखों रुपए की जमा पूंजी भी हड़प ली। इतना ही नहीं आरोपी ने महिला की अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करना भी शुरू कर दिया। पीड़िता ने थाना फेस-2 में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सुपरटेक एमेरल्ड कोर्ट सेक्टर-93 में रहने वाली प्रिया (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वर्ष 2010 में उसके पति का देहांत हो गया था।

वर्ष 2011 में उसकी मुलाकात हर्षित ओबराय से हुई। हर्षित ओबेरॉय आगरा के एक जिम में ट्रेनर था। मुलाकात के दौरान हर्षित ने बताया कि वह तलाकशुदा है। कुछ ही दिनों में दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गई। धीरे-धीरे हर्षित ओबेरॉय ने उसे अपने जाल में फंसा लिया। कुछ दिनों बाद हर्षित ने बताया कि उसकी घरवालों से नहीं बन रही है इसलिए वह उसके साथ रहना चाहता है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## कॉलेज में लगा CCTV कैमरा तोड़ा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना जारचा क्षेत्र के प्यावली ताजपुर गांव स्थित आदर्श इंटर कॉलेज में लगे सीसीटीवी कैमरे को शरारती तत्वों ने तोड़ दिया। इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि पिछले कुछ महीनो से उनके विद्यालय में अप्रिय घटनाएं घटित हो रही हैं। 17 अक्टूबर को अज्ञात लोग विद्यालय के मुख्य द्वार पर लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़कर अपने साथ ले गए। पूर्व में भी कई बार मुख्य द्वार पर लगे सीसीटीवी कैमरे को शरारती तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया। यह पूरा घटनाक्रम विद्यालय में लगे अन्य कैमरा में रिकॉर्ड हो गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में करीब डेढ़ हजार छात्र पढ़ते हैं और कभी भी उनके साथ कोई (शेष पृष्ठ-3 पर)

## विवाहिता को गंदे इशारे करने वाला गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** करवा चौथ की पूर्व संध्या पर बाजार में मेहंदी लगवा कर घर लौट रही महिला पर अश्लील टिप्पणियां कर रहे एक मनचले को लोगों ने दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया। थाना बीटा दो पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एलडीको ग्रीन मीडोज निवासी खुशबू (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 19 अक्टूबर की रात्रि को अल्फा 2 मार्केट में मेहंदी लगवाने के लिए आई थी। मेहंदी लगवाने के बाद जब वह घर वापस लौट रही थी तभी एक युवक उस पर अश्लील टिप्पणी करने के साथ भद्दे भद्दे इशारे करने लगा। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## निर्माणाधीन मकान की शटरिंग गिरी, चार घायल

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में निर्माणाधीन एक मकान की शटरिंग गिर गई। इस घटना में चार मजदूर घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि रविवार को थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सेक्टर 36 में एक मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। वहां पर शटरिंग का काम हो रहा था। उसी समय शटरिंग गिर गई। इस घटना में मजदूर संजीत पुत्र देवेंद्र सिंह, मोहम्मद सिराज पुत्र मोईन, सुब्रतो हलधर पुत्र नीलू घायल हो गए। जबकि इनका एक साथी बुद्धदेव पुत्र शंकर बिल्डिंग के ऊपर फंस गया था। उसे फायर ब्रिगेड और पुलिस ने ऊपर से नीचे उतारा। उन्होंने बताया कि घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। एक घायल की हालत नाजुक बनी हुई है। जिसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## देवी-देवताओं की सड़कों पर रखी मूर्तियों का सम्मान

### सामाजिक संगठन ने सम्मानपूर्व मूर्तियों की किया डंप

**नोएडा (चेतना मंच)।** जीवन अर्पण सामाजिक संस्था द्वारा नोएडा शहर के अंदर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सनातन सम्मान अभियान चलाया गया। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने एक बार फिर धार्मिक त्यौहारों के बाद सड़क किनारे रखे जाने वाली भगवान की प्रतिमाओ-तस्वीरों आदि पूजन सामग्री को एकत्रित कर सम्मान करते हुए उन्हें डंप करने का कार्य किया।

इस दौरान दीपांशु शर्मा ने बताया की हमारी टीम पिछले कई वर्षो से लगातार यह कार्य कर रही है क्योकि आज के समय मे लोग भगवान से भी एक मतलब का रिश्ता रखने लगे और आस्था का दिखावा कर रहे हैं जिसके पश्चात आये दिन शहर की सैकड़ों लोग भगवान की प्रतिमाओं को फेंकते हुए सनातन धर्म की आस्थाओं के साथ खिलवाड़ करते है। वहीं हमारी टीम ऐसे स्थानों पर जाकर लोगो को जागरूक करते हुए पूजन सामग्री को एकत्रित करती है एवं भगवान व सनातनी भावनाओ का सम्मान करते हुए उन्हें डंप करने का कार्य करती है।

उपाध्यक्ष निशु उपाध्याय ने कहा कि हम चाहे किसी भी महजब-धर्म आदि से तालुक रखते हो उसका सम्मान करना चाहिए। ऐसा कोई कार्य नही करना चाहिए कि जिससे किसी भी प्रकार की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे।

इस मौके पर सुधांशु तिवारी, निशु उपाध्याय, दीपांशु शर्मा, अनमोल सहगल, मनीष राणा, तुषार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।






## बहुमत की सरकार

भले ही यह अप्रत्याशित हो, लेकिन यह एक टकसाली हकीकत है कि हरियाणा में भाजपा को तीसरे कार्यकाल के लिये स्पष्ट जनादेश मिला है। हो सकता है पार्टी यह कहे कि यह निर्णायक जनादेश भाजपा के शासन मॉडल के प्रति विश्वास मत के रूप में अभिव्यक्त हुआ है, लेकिन इसके बावजूद जरूरत इस बात की है कि उन मुद्दों पर मंथन किया जाए जिनको लेकर चुनाव के दौरान जनता में असहजता थी। निस्संदेह, नायब सिंह सैनी, जिनको पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की छाया में गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था, लेकिन उनके नेतृत्व में पार्टी ने पिछली बार से अधिक सीटें लेकर पूर्ण बहुमत से सरकार बनायी है। मगर जिस चीज से नायब सिंह सैनी को सावधान रहने की जरूरत है, वह है अति-आत्मविश्वास। हाल के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने अति-आत्मविश्वास की कीमत चुकाई है। निस्संदेह, सैनी की पूर्ण बहुमत वाली सरकार के पास हरियाणा में आधारभूत बदलाव से जनाकांक्षाओं को हकीकत में बदलने का सुनहरा मौका है। उन्हें पूर्ण बहुमत वाली सरकार के रूप में जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिये कृतसंकल्प होने की जरूरत है। दरअसल, चुनावी राजनीति में जनता के दरबार में उछले विपक्षी नेताओं के आरोप कई बार सत्तापक्ष को आत्मविश्लेषण का मौका भी देते हैं। चुनावी माहौल में जहां विपक्षी दल सत्ता पक्ष की रीतियों-नीतियों को लेकर मुखर होते हैं,वहीं ऐसे मौके पर जनता की अभिव्यक्ति का भी अहसास होता है। भाजपा जैसे कुशल संगठन वाली कैडर आधारित पार्टी से उम्मीद की जाती है कि जिस तरह उसने चुनावों में माइक्रो मैनेजमेंट किया, उसी तरह उसकी सरकार से भी उम्मीद की जाती है कि वह समस्याओं को भी बेहद करीब से सूक्ष्म स्तर पर महसूस करेगी। बहरहाल, भाजपा की इस जीत ने एक संदेश यह भी दिया है कि महज सत्ताविरोधी रुझान ही चुनाव परिणामों की दिशा-दशा तय नहीं करते। बदलाव की आकांक्षा को सुशासन व बेहतर प्रबंधन के मुद्दे भी गहरे तक प्रभावित करते हैं। निश्चित रूप से मुख्यमंत्री की दूसरी पारी में कार्यभार संभालने वाले नायाब सिंह सैनी की सरकार पर जनाकांक्षाओं का भारी दबाव होगा। उनका प्राथमिक उद्देश्य जनता से किये गए वायदों और उनके क्रियान्वयन होगा, जिससे जनता सुशासन की उपलब्धि महसूस कर सके। निश्चित रूप से किसी योजना की सार्थकता इस बात पर निर्भर करती है कि जनता उससे किस हद तक लाभान्वित महसूस करती है। कई बार व्यवस्था की विसंगति इस मार्ग में बाधक बन जाती हैं। इसके लिये आश्वासन व क्रियान्वयन में साम्य जरूरी हो जाता है। निस्संदेह, पिछले मार्च में जब सैनी ने अपने गुरु मनोहर लाल खट्टर की छत्रछाया में सरकार का दायित्व हासिल किया था तो उन्हें राजनीतिक हलकों में गंभीरता से नहीं लिया गया। लेकिन उन्होंने पिछले विधानसभा चुनावों में न केवल खुद को साबित किया बल्कि राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। निस्संदेह, हरियाणा के इस नये जनादेश के दूरगामी परिणाम होंगे। इतना ही नहीं इस जीत ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व में भी एक नया उत्साह भर दिया। यह उत्साह महाराष्ट्र व झारखंड के चुनाव अभियान में भी नजर आ रहा है। निश्चित रूप से इन चुनावों ने मुख्यमंत्री के रूप में नायब सिंह सैनी का राजनीतिक कद बढ़ाया है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से भी उन्हें सकारात्मक प्रतिसाद व संबल मिला है। वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने हैं तो उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ गई हैं। उन्हें क्षेत्र व जाति की सीमाओं से परे 'सबका साथ, सबका विकास' का लक्ष्य हासिल करना है। उनके लिये यह सुखद है कि जहां राज्य में उन्हें पिछली बार के मुकाबले ज्यादा सीटें मिलने से पूर्ण बहुमत हासिल हुआ है,वहीं केंद्र से भी उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। निस्संदेह, उन्हें 'डबल इंजन की सरकार' के मुहावरे को साकार करने का अवसर मिला है। जरूरत इस बात की कि वे पूर्व सरकार के मुखिया की छाया से निकलकर शासन की नई सर्व स्वीकार्य दिशा तय करें। वे महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सक्षम नजर आएं, जिससे राज्य में सरकार की स्वीकार्यता बढ़ सके। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ विधायकों का अनुभव व कनिष्ठ विधायकों की ऊर्जा मददगार होगी।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि जब से उमाजी हिमाचल के घर जन्मीं, तबसे वहाँ सारी सिद्धियाँ और सम्पत्तियाँ छा गईं। मुनियों ने जहाँ-तहाँ सुंदर आश्रम बना लिए और हिमाचल ने उनको उचित स्थान दिए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-सदा सुमन फल सहित सब द्रुम नव नाना जाति।**
**प्रगटीं सुंदर सैल पर मनि आकर बहु भाँति॥**

उस सुंदर पर्वत पर बहुत प्रकार के सब नए-नए वृक्ष सदा पुष्प-फलयुक्त हो गए और वहाँ बहुत तरह की मणियों की खानें प्रकट हो गईं॥

**सरिता सब पुनीत जलु बहहीं। खग मृग मधुप सुखी सब रहहीं॥**
**सहज बयरु सब जीवन्ह त्यागा। गिरि पर सकल करहिं अनुरागा॥**

सारी नदियों में पवित्र जल बहता है और पक्षी, पशु, भ्रमर सभी सुखी रहते हैं। सब जीवों ने अपना स्वाभाविक बैर छोड़ दिया और पर्वत पर सभी परस्पर प्रेम करते हैं॥

**सोह सैल गिरिजा गृह आएँ। जिमि जनु रामभगति के पाएँ॥**
**नित नूतन मंगल गृह तासू। ब्रह्मादिक गावहिं जसु जासू॥**

पार्वतीजी के घर आ जाने से पर्वत ऐसा शोभायमान हो रहा है जैसा रामभक्ति को पाकर भक्त शोभायमान होता है। उस (पर्वतराज) के घर नित्य नए-नए मंगलोत्सव होते हैं, जिसका ब्रह्मादि यश गाते हैं॥

(क्रमशः...)

# कांग्रेस के साथ ही आगे बढ़ेगा अखिलेश यादव का समाजवाद

कांग्रेस आलाकमान और गांधी परिवार भले ही यूपी से बाहर समाजवादी पार्टी को अपने तेवर दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहा हो, लेकिन उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी चाह कर भी कांग्रेस को अनदेखा नहीं कर पा रही है। इसे समाजवादी पार्टी की सियासी मजबूरी कहें या फिर समय की मांग जिसकी वजह से हरियाणा में खाली हाथ रहने के बावजूद समाजवादी पार्टी यूपी में कांग्रेस के साथ रिश्ता बनाए रखेगी। यूपी में उपचुनाव वाली 10 सीटों में सपा 8 पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। शेष दो सीटें उसने कांग्रेस के लिये छोड़ दी हैं। जबकि कांग्रेस पांच सीटों की मांग कर रही थी, वैसे पांच सीटों वाली उसकी मांग तर्कसंगत भी नहीं थी।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने गाजियाबाद और खैर विधानसभा सीट कांग्रेस के लिए छोड़ने का फैसला किया है। यूपी में उपचुनाव वाली 10 सीटों में सपा 8 पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि उपचुनाव के लिए हुए समझौते के तहत अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट के साथ गाजियाबाद सीट पर कांग्रेस अपना उम्मीदवार उतारेगी। वैसे इसे सपा का डैमेज कंट्रोल भी माना जा रहा है। हरियाणा में कांग्रेस की करारी हार के अगले दिन ही सपा ने यूपी में छह सीटों पर उपचुनाव के उम्मीदवार घोषित कर दिए थे। इसे कांग्रेस के नेता नाराज हो गये थे। कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय ने भी सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत से इंकार कर दिया था। सूत्रों का कहना है कि गत दिनों जम्मू-कश्मीर में उमर अब्दुल्ला के शपथ ग्रहण के दौरान राहुल व अखिलेश की मुलाकात के बाद सीट बंटवारे पर सहमति बनी। वैसे कइ बार अखिलेश कह चुके हैं कि यूपी में इंडिया गठबंधन



**सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि उपचुनाव के लिए हुए समझौते के तहत अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट के साथ गाजियाबाद सीट पर कांग्रेस अपना उम्मीदवार उतारेगी। वैसे इसे सपा का डैमेज कंट्रोल भी माना जा रहा है।?**

जारी रहेगा।

बात उम्मीदवारों की कि जाये तो समाजावादी पार्टी ने बसपा के राष्ट्रीय महासचिव मुनकाद अली की बेटी सुंबुल राणा को मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट से उम्मीदवार बनाया है। गत दिवस स्थानीय नेताओं व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सुंबुल का नाम तय किया है। सुंबुल बसपा के पूर्व सांसद कादिर राणा की बहू हैं। कादिर राणा इस समय सपा में हैं। मुनकाद और कादिर का सियासी रिश्ता 2010 में पारिवारिक रिश्ते में बदला था, तब कादिर भी बसपा में थे। 2022 के विधानसभा चुनाव के पहले कादिर सपा में शामिल हो गए थे। मीरापुर सीट सपा के साथ गठबंधन में रालोद ने जीती थी। हालांकि, लोकसभा चुनाव के पहले रालोद ने भाजपा का साथ पकड़ लिया। मीरापुर के विधायक चंदन चौहान के बिजनौर से सांसद बनने के बाद यहां उपचुनाव हो रहा है। सपा अब तक उपचुनाव वाली सात सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। इसमें छह टिकट नेताओं के परिवार में ही गए हैं। अल्पसंख्यकों की भागीदारी का संदेश देने के लिए अखिलेश ने अब तक तीन टिकट मुस्लिमों को दिए हैं।

बहरहाल, नौ विधान सभा सीटों पर चुनाव के लिये सभी दल पूरी मेहनत कर रहे हैं,वहीं मिल्कीपुर उपचुनाव टलने को लेकर सपा और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप बढ़ता जा रहा है। अब भाजपा ने सपा पर चुनाव टालने का आरोप लगाया है। जब मिल्कीपुर का चुनाव घोषित नहीं किया गया तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा को घेरा था। और उन्होंने एक्स पर पोस्ट करके तंज किया था कि जिसने जंग टाली है, उसने जंग हारी है। वहीं, मिल्कीपुर के पूर्व विधायक गोरखनाथ ने इसका जबाव देते हुए कहा है कि भाजपा नहीं, बल्कि सपा डर गई है। यही वजह है कि उन्होंने (गोरखनाथ) अपनी याचिका वापस लेने की अपील कोर्ट से की। कोर्ट में गुरुवार 17 अक्टूबर को सुनवाई थी। मैं वहां पहुंचा तो देखा कि सपा सांसद अवधेश प्रसाद वहां एक दर्जन वकील भेज दिए हैं। इस बात पर बहस होने लगी कि ऐसे आप याचिका वापस नहीं सकते। इससे साफ है कि समाजवादी पार्टी डर गई है और वह चुनाव नहीं चाहती। कुल मिलाकर कांग्रेस और सपा के रिश्तों की बात की जाये तो अभी ऐसा नहीं लगता है कि सपा और कांग्रेस की राहें जुदा होने वाली है। फिलहाल अखिलेश का समाजवाद कांग्रेस के साथ ही आगे बढ़ेगा।

**-अजय कुमार**

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' भारत के लिए सही नहीं

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' एक ऐसा विचार है जो सुनने में तो अच्छा लगता है, लेकिन भारत के लोगों के लिए कारगर नहीं होगा। इसके प्रचारित लाभ नकली हैं, और हमारा इतिहास बताता है कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री एक साथ या अलग-अलग चुनाव अपने स्वयं के राजनीतिक गणित के आधार पर चुनते हैं, न कि लोगों के लाभ के लिए। मोदी कैबिनेट ने हाल ही में भारत की राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय प्रतिनिधि सभाओं को एक साथ चुनने के लिए कोविंद समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। वन नेशन वन इलेक्शन (ओएनओई) का विचार पहली बार 2016 में पीएम मोदी द्वारा प्रस्तावित किया गया था, और पिछले साल उन्होंने इसकी जांच के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय समिति की स्थापना की थी। अब वह इस प्रस्ताव को अगली संसद के माध्यम से आगे बढ़ाना चाहते हैं।




वर्ष 1951 से 1962 तक, प्रधानमंत्री नेहरू ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए भारत के पहले तीन चुनाव एक साथ आयोजित किए, क्योंकि वह और उनकी कांग्रेस पार्टी देश भर में बेहद लोकप्रिय थी। पार्टी ने लगभग सभी राज्यों में बहुमत हासिल किया, नेहरू ने अपने पसंदीदा मुख्यमंत्री चुने, और नई दिल्ली से पूरे देश को चलाते रहे। भारत के संविधान के प्रसिद्ध इतिहासकार ग्रैनविले ऑस्टिन ने लिखा है, 'केंद्र और अधिकांश राज्य सरकारों में, पार्टी और सरकार सियामी जुड़वां की तरह थे, जो सिर, कूल्हे और पैर की अंगुली तक जुड़े हुए थे।'

परंतु जब 1967 के चुनाव में लोकसभा में कांग्रेस का बहुमत घटकर 25 रह गया और पार्टी आठ राज्यों में हार गई, तो प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राष्ट्रीय और राज्य चुनावों को अलग-अलग करने का फैसला किया। उन्होंने अपने 'गरीबी हटाओ' अभियान के तहत एक बड़ा कल्याणकारी कार्यक्रम शुरू किया, लोकसभा एक साल पहले भंग कर दी, और 1971 में चुनाव कराने की घोषणा की। उनकी कांग्रेस (आर) ने 520 में से 350 सीटें जीतीं और दो-तिहाई बहुमत हासिल किया।

परंतु श्रीमती गांधी ने तमिलनाडु को अलग नहीं किया। उस राज्य में, सीएम करुणानिधि ने भी विधानसभा को जल्दी भंग कर दिया और श्रीमती गांधी के साथ गठबंधन कर लिया ताकि उनके एक प्रतिद्वंद्वी, के. कामराज, को हराया जा सके।

प्रधानमंत्री की मर्जी से एक साथ या अलग-अलग चुनाव कराने की यह परंपरा देश के लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं है। उदाहरण के लिए, भारत के संघीय ढांचे पर इसके हानिकारक प्रभावों पर विचार करें। हमारे देश के आकार और विविधता को देखते हुए, यह हमारे लोकतंत्र के लिए अच्छा है कि राज्य के मुद्दे, नेता और दल प्रमुखता से उभरें। राज्य के चुनावों के मूल्य को कम करनाज्जो राष्ट्रीय दलों, नेताओं और मुद्दों के साथ जुडने से निश्चित रूप से होगाज केवल स्थानीय जवाबदेही को नुकसान पहुंचाएगा।

'ओएनओई' एक बुनियादी संसदीय सिद्धांत का भी मजाक बनाता है, कि सरकारों को जवाबदेह ठहराया जा सकता है और किसी भी समय वे गिर सकती हैं। यह वह मुख्य लाभ है जिसे हमारे संस्थापकों, विशेषकर बीआर अंबेडकर ने संसदीय प्रणाली के चयन के लिए प्रमुखता से गिनवाया था। अगर कोई सरकार गिरती है और 'ओएनओई' के तहत नया चुनाव होता है, तो नई सरकार का कार्यकाल छोटा करना होगा और कोविंद कमेटी यही सिफारिश करती है। यह न केवल उन लोगों के लिए अनुचित है जो चुनाव लड़ते हैं, और जो जीतते हैं, बल्कि यह अलोकतांत्रिक भी है। जनता चुनावी वादों को पूरा करने के लिए सरकारें चुनती हैं, लेकिन कुछ ही महीनों के लिए चुनी गई सरकार न इन्हें पूरा कर सकती है और न ही जवाबदेह ठहराई जा सकती है।

मोदी के विरोधियों ने आरोप लगाया है कि कोविंद कमेटी की रिपोर्ट को पूर्व निश्चित किया गया था। यह आरोप न्यायोचित है, यदि आप रिपोर्ट को इसके मुख्य तर्क से आंकते हैं, कि कई चुनाव कराने से 'सरकार, व्यवसायों, श्रमिकों, अदालतों, राजनीतिक दलों, चुनाव लडने वाले उम्मीदवारों, और बड़े पैमाने पर नागरिक समाज पर भारी बोझ पड़ता है।' भारत दुनिया का सबसे बड़ा फलता-फूलता लोकतंत्र होने की डींग नहीं हांक सकता यदि यह चनावों को एक बोझ के रूप में देखे। क्या हमारे लोकतंत्र से ज्यादा महत्त्वपूर्ण कुछ है, और क्या लोगों द्वारा स्वयं अपने नेताओं को चुनने से ज्यादा मौलिक कुछ है?

समिति की सिफारिशें इस बोझ को कम करने के लिए वास्तव में कुछ ज्यादा करती नहीं हैं। यह वर्तमान तीन चुनावों (लोकसभा, राज्य और पंचायतों) की संख्या को घटाकर दो (लोकसभा प्लस राज्य और पंचायत 100 दिन बाद) करने का सुझाव देती है। यदि लोकसभा और राज्य चुनावों को जोड़ भी दिया जाए, तो उम्मीदवार, कार्यकर्ता, पार्टियां और नागरिक समाज संगठन प्रत्येक चुनाव के लिए अलग-अलग प्रचार तो फिर भी करेंगे। सरकारों और व्यवसायों पर बोझ भी बहुत नहीं बदलेगा, क्योंकि यह एक मिथक है कि चुनाव के दौरान नैतिक आचार संहिता सभी सरकारी काम रोक देती है। संहिता केवल सरकारों को नई योजनाएं शुरू करने या कर्मचारी स्थानांतरण करने से रोकती है।

इसमें कोई शक नहीं कि खुद मोदी और उनकी पार्टी के सहयोगियों पर बहुत सारे चुनावों का बोझ है। लेकिन केंद्र या प्रधानमंत्री का हर राज्य के चुनाव में शामिल होने का क्या मतलब है? यह केवल स्थानीय जवाबदेही को नुकसान पहुंचाता है। यदि भारत की राज्य सरकारें और अधिक स्वतंत्र हों ज वे स्थानीय मुद्दों के आधार पर अलग से निर्वाचित हों, स्थानीय नेताओं द्वारा चलाई जाएं, और उनका अपने वित्त पर अधिक नियंत्रण हो ज तो देश में जमीन पर शासन बेहतर होगा। और एक राज्य के चुनाव से दूसरे राज्यों या केंद्र पर बोझ नहीं पड़ेगा।

कोविंद समिति का यह भी तर्क है कि एक साथ चुनाव कराने से देश की आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी और उसके चुनावी खर्च में कमी आएगी। यह मुख्य रूप से इस पर आधारित है कि सिंक्रनाइज चुनाव 'निश्चितता' लाएंगे। परंतु कोई भी इस बारे में कैसे निश्चित हो सकता है कि केंद्र या राज्य में संसदीय सरकार कब गिर जाएगी? सरकारों को गिराने में भारत की कुख्यात राजनीति और खरीद-फरोख्त का समिति कोई उपाय नहीं सुझाती है।

चुनावी खर्च के सम्बन्ध में समिति की रिपोर्ट है कि वर्तमान में राष्ट्रीय और राज्य चुनावों के संचालन में सरकार लगभग 4500 करोड़ रुपए खर्च करती हैं। यह प्रति मतदाता 50 रुपए से भी कम है और इसे हमारे लोकतंत्र में एक योग्य निवेश के रूप में देखा जाना चाहिए। व्यर्थ पैसा तो वास्तव में पार्टियों और अभियानों द्वारा खर्च किया जाता है ज समिति का अनुमान है कि यह 4 से 7 लाख करोड़ रुपए हैं। लेकिन यह काफी हद तक काला धन है, और यह सोचना भोलापन है कि इसे एक साथ चुनावों में मतदाताओं को लुभाने पर खर्च नहीं किया जाएगा।

एक साथ चुनावों के बारे में एक सामान्य गलतफहमी यह है कि वे अमेरिका की राष्ट्रपति प्रणाली के समान हैं। यह बात सच्चाई से बहुत दूर है। समिति ने केवल छह देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, फिलीपींस आदि) की चुनाव प्रणाली का अध्ययन किया, लेकिन ब्रिटेन या संयुक्त राज्य अमेरिका का नहीं। अमेरिका में, उदाहरण के लिए, राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय सभाओं को न केवल अलग-अलग चुना जाता है, बल्कि उनके अधिकारियों की अवधि भी अलग होती है। उनकी राष्ट्रीय प्रतिनिधिसभा (लोकसभा) हर दो साल में चुनी जाती है, लेकिन राष्ट्रपति चार और सेनेट छह के लिए कार्य करती है।

सच्चाई यह है कि 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' प्रस्ताव भारतीय जनता की सेवा के लिए नहीं बनाया गया है। जनता इसके लिए आवाज नहीं उठा रही, और न ही मतदाता, चुनावों में भागीदारी के बढ़ते स्तर को देखते हुए, चुनावी थकान से पीड़ित हैं। हमारे भारतीय लोकतंत्र को अधिक विकेंद्रीकरण की आवश्यकता है, अधिक केंद्रीकरण की नहीं।

**-भानु धमीजा, सीएमडी**

# राशिफल

**कार्तिक कृष्ण पक्ष : पंचांग**

**(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
ऊर्जा के स्तर में कमी का एहसास होगा। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार अच्छा है। सभ्य साधक बने रहेंगे।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
पराक्रमी बने रहेंगे। व्यावसायिक सफलता मिलेगी। शुभता के प्रतिक बने रहेंगे। प्रेम, संतान, व्यापार सबकुछ बहुत बढ़िया है

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
स्वास्थ्य में सुधार हो गया। कठोर भाषा के प्रयोग से बचें। अत्यधिक खर्चे से बचें। बाकी प्रेम, संतान, व्यापार आपका सही चल रहा है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
थोड़ा क्रोध बढ़ सकता है, लेकिन निर्णय लेने की क्षमता अद्भुत हो जाएगी। ज्ञानवान हो जाएंगे। रुका हुआ धन वापस मिलेगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
खर्च की अधिकता रहेगी। व्यावसायिक सफलता मिलेगी। नेत्र विकार संभव है। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम, संतान अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भाग्य साथ देगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य बहुत अच्छा। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान अच्छा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
नव प्रेम का आगमन। जीवनसाथी के साथ सानिध्य अच्छा रहेगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी रहेगी।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम,संतान अच्छा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें। मन मस्तिष्क अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार सबकुछ बहुत अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी होगी लेकिन गृह कलह भी संभव है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
व्यावसायिक सफलता मिलेगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान का साथ।

# जिला कारागार में महिला बंदियों ने मनाया करवा चौथ



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** कल जेल अधीक्षक बृजेश सिंह ने बताया ज़िला कारागार में करवा चौथ का सारा सामान बंदियों को दिया गया। साथ ही व्रत का भी सामान दिया गया।

# जिला कलेक्ट्रेट पर किसानों का महापड़ाव जारी



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर चल रहे महापडाव के 7वें दिन भी किसान डटे रहे। धरने में सैकड़ों की संख्या में किसान एकता संघ के नेता और कार्यकर्ता पहुंचे किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान ने धरने पर किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह लड़ाई पूरे जनपद की है और किसान एकता संघ इस लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर साथ है। किसान सभा के जिला अध्यक्ष ने किसान एकता संघ के संयुक्त किसान मोर्चा में शामिल होने पर उन्हें बधाई और धन्यवाद दिया।

# भाकियू (अराजनैतिक) की बैठक सम्पन्न



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की एक बैठक किसानों की विभिन्न समस्याओं व संगठन विस्तार को लेकर राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य चौधरी जीवन सिंह के आवास पर हुई।

इस दौरान प्रदेश संरक्षक पंडित रामकुमार शर्मा, प्रदेश सचिव रणवीर अवाना, परवीन शर्मा प्रकाश प्रधान सिरसा, एनसीआर अध्यक्ष विभोर शर्मा, किसान सेवक दिनेश शर्मा प्रदेश प्रवक्ता, सुबिन सिरसा. महेकेश भाटी, जयचंद बलजीत भाटी. विजय कुमार चपरगढ़ अजय कुमार चपरगढ़, संजय शर्मा, विजेंद्र सिंह चौहान, बिट्टू शर्मा, रविंद्र सिंह, अंकुर सिंह,विपिन चौहान, चिंटू पंडित, मुकेश सिंह, आदि रहे मौजूद मीटिंग मे चौधरी जीवन सिंह ने कहा गौतम बुद्ध नागर मे तीनो अथॉरिटीयों ने व बिजली विभाग ने किसानों को बर्बाद कर रखा है जो बात अब बर्दास्त के बाहर हो चुकी है इस सब पर जल्द कड़ा निर्णय लेंगे मीटिंग मे एनसीआर अध्यक्ष विभोर शर्मा ने अपने विचार रखते हुए कहा हम किसानों के लिए हर संघर्ष को तैयार है और बहुत जल्दी रणनीति बना कर आने वाले चंद दिनों में आंदोलन किया जाएगा प्रदेश सचिव प्रवीण शर्मा ने कहा एनपीसीएल और यूपीसीएल दोनों बिजली विभाग द्वारा किसानों का उत्पीड़न निरंतर चलता रहा है। इस पर भी जल्द ही आपसी सहमति से आंदोलनकर किसानों को राहत दिलाई जाएगी। बैठक में प्रकाश प्रधान सिरसा आदि लोग मौजूद थे।

# जाट समाज ने मनाया भव्य दीपावली मिलन कार्यक्रम




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर जीटा-1 स्थित उत्सव ग्रैंड में जाट समाज ने भव्य दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया। समाज के अध्यक्ष रनबीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फतेहपुर सीकरी भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल व विशिष्ट स्थिति के रूप में अमित चौधरी जिला पंचायत अध्यक्ष, डॉ ओपी चौधरी एवं एडीएम बच्चू सिंह मौजूद रहे।

मुख्य अथिति चौधरी बाबूलाल ने कहा कि मेहनतकश जाट कौम के खेत खलिहान से लेकर सीमा पर जवान के रूप में योगदान के कारण ही जय जवान जय किसान का नारा लगा। प्रसिद्ध टीवी कवि कुलदीप ललकार ने अपनी हास्य रस एवं वीर रस की कविताओं को सुना कर उपस्थित समाज में जोश भर दिया। समाज के बच्चों एवं महिलाओं के द्वारा भी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा समाज की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव गजेंद्र सिंह अत्री ने किया।

इस अवसर पर उदयवीर सिंह श्योरान, जगदीश पाल सिंह,अनिल चौधरी, हरप्रसाद सिंह, जुगेंद्र तालान, वीरेंद्र पूनिया, शिवचरण अत्री, योगेंद्र सिंह, विनोद प्रधान, अमित राठी आदि अन्य समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

# किसान एकता संघ ने धरना को दिया समर्थन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** किसान एकता संघ संगठन के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान के नेतृत्व में मोजर बियर गोल चक्कर पर एकत्रित होकर पैदल मार्च शुरू किया दुर्गा टॉकीज गोल चक्कर से पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पर चल रहे धरना प्रदर्शन में हजारों कार्यकर्ताओं के साथ समर्थन दिया।



इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा ने कहा कि गौतमबुद्धनगर में तीन विकास प्राधिकरण काम कर रहे है। तीनो प्राधिकरणों द्वारा किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। किसानों की आबादी,बैकलीज,शिफिटंग, मुआवजा, 10 प्रतिशत विकसित प्लाट,मुआवजा वृद्धि की समस्याएं काफी लम्बे समय से लंबित है। सभी समस्याओं को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा बनाकर लड़ाई लड़ने का मन सभी संगठन बना चुके है। अबकी बार सभी संगठनों ने आर पार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है। किसानों की समस्याओं का समाधान होने तक आंदोलन जारी रखेंगे।

इस मौके पर सतीश कनारसी, प्रिन्स शर्मा, राजू पंडित, शेरू प्रधान, कृष्ण बैसला, पप्पे नागर, विक्रम नागर, मनीष नागर, उम्मेद, अखिलेश प्रधान, असलम, परवेज, सुमित चपरगढ़, उमर प्रधान, मेहरबान, परवेज खान, अरुण खटाना, दुर्गेश शर्मा, अंकित, जोसफ, संदीप, सुभाष भाटी, असलम, मोहनपाल, गौरव भाटी, सुशील भाटी, गम्भीर भाटी आदि हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रतिनिधिमंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला।

पुरानी पेंशन स्कीम से संबंधित सूची समयनुसार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सचिव बेसिक शिक्षा परिषद भेजने के लिए कार्यवाही हेतु अनुरोध को स्वीकार कर जल्दी ही कार्यवाही के लिए आश्वासन दिया है। हमारे कुछ सम्मानित साथियों के विभिन्न कारणों से अवरुद्ध वेतन का बहाली आदेश बनवाया गया। प्राथमिक शिक्षक संघ अपने सम्मानित शिक्षक साथियों के अधिकार एवं सम्मान के लिए सदैव प्रयासरत रहेगा। प्रतिनिधि मंडल में मंडल अध्यक्ष मेघराज भाटी, जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, जिला मंत्री गजन भाटी, जिला उपाध्यक्ष अमर भाटी, ब्लॉक अध्यक्ष रवि भाटी, ब्लॉक अध्यक्ष सतीश पीलवान, ब्लॉक मंत्री रामकुमार शर्मा उपस्थित रहे।



## पृष्ठ एक के शेष....

**मॉडर्न स्कूल के...**

आहत होकर अभिभावकों ने जोरदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने प्रिंसिपल को हटाने की मांग की। उनका कहना है कि बच्चों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। ऐसे संवेदनशील मामलों में तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

बड़े पैमाने पर हुए इस प्रदर्शन में सैकड़ों अभिभावक शामिल हुए, जिन्होंने स्कूल के बाहर इकट्ठा होकर अपनी आवाज बुलंद की। उनका कहना था कि जब तक दोषी प्रिंसिपल को हटाया नहीं जाता, तब तक वे शांत नहीं बैठेंगे। कुछ अभिभावकों ने यह भी आरोप लगाया कि स्कूल प्रशासन की ओर से उन्हें लगातार सही जानकारी नहीं दी जा रही है, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है। प्रदर्शन में शामिल एक अभिभावक ने बताया कि हमने अपने बच्चों को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा दिलाने के लिए इस स्कूल में दाखिला दिलाया था, लेकिन इस घटना के बाद हमें खुद पर भी अफसोस हो रहा है। स्कूल प्रशासन को ऐसे मामलों में तुरंत सख्त कदम उठाने चाहिए, न कि उन्हें दबाने की कोशिश करनी चाहिए।

अभी तक की जानकारी के अनुसार, स्कूल प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। लेकिन, सूत्रों के मुताबिक, इस घटना को लेकर स्थानीय प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है और प्रिंसिपल को फिलहाल उनके पद से हटाने की संभावना जताई जा रही है। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष गोपाल गौड़ भी आ गए। मामला बढ़ा तो सिटी मजिस्ट्रेट और जिला विद्यालय निरीक्षक लोगों को शांत करने के लिए पहुंचे, लेकिन मामला अभी शांत नहीं हुआ है। अभिभावकों का कहना है कि किसी भी कीमत पर प्रिंसिपल प्रीति शुक्ला को सस्पेंड करना होगा।

**विधवा महिला का...**

हर्षित ओबरॉय की बातों में आकर उसने उसे अपने साथ रख लिया। कुछ समय बाद हर्षित ओबेरॉय ने लेदर इंडस्टरीज की एक फॉर्म में पार्टनरशिप की और उससे लाखों रुपए ले लिए। इस दौरान उसने उसकी अश्लील फोटो व वीडियो बना ली और उसे ब्लैकमेल करने लगा। पैसे ना देने पर हर्षित उसकी अश्लील फोटो और वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने लगा। उसने जब इस बात का विरोध किया तो हर्षित अरोड़ा ने उसे जान से मारकर यमुना में फेंक देने की धमकी दी।

पीड़िता के मुताबिक वर्ष-2019 में हर्षित ओबेरॉय ने उसे ब्लैंक पेपर और चेक पर साइन करने के लिए कहा। उसने जब साइन करने से मना कर दिया तो आरोपी ने उसे व उसके बेटे के साथ मारपीट की। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और दोनों के बीच सुलह समझौता कर दिया। प्रिया के मुताबिक वर्ष 2020 में आरोपी ने उस पर दबाव बनाकर उसका 10 प्रतिशत का शेयर ले लिया। कुछ दिनों बाद उसे हर्षित ओबेरॉय के जानकारों से पता चला कि लोग उसे वसूली भाई के नाम से बुलाते हैं और उसके परिवार का आपराधिक इतिहास रहा है। पीड़िता का कहना है कि हर्षित ओबेरॉय उसे लगातार ब्लैकमेल कर शारीरिक, मानसिक और आर्थिक शोषण कर रहा है। आरोपी ने अपनी पहली पत्नी के साथ भी धोखाधड़ी की थी। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

**विवाहिता को गंदे इशारे...**

उसने तुरंत शोर मचाया जिसके बाद आस पड़ोस के लोगों ने उसे दबोच लिया। सूचना पर थाना बीटा 2 पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम विकास सिंह पुत्र प्रेमी नाथ सिंह निवासी सिवान बिहार बताया है।

**कॉलेज में लगा...**

अप्रिय घटना घटित हो सकती है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रधानाचार्य द्वारा उपलब्ध कराई गई सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश करने का प्रयास किया जा रहा है।

**ससुरालियों ने...**

लिए प्रमोद नागर व उसके परिजन उसकी बहन को लगातार धमका रहे थे। पति व ससुराल वालों की धमकी से त्रस्त होकर उसकी बहन ने 29 अगस्त 2024 को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। यह मामला न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है।

# काम मांगने आई महिला पर्स लेकर चपंत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** काम मांगने के बहाने आई एक शातिर चोरनी गृह स्वामिनी का पर्स चोरी कर ले गई। पर्स में 25 हजार रुपए ,सोने की चेन एटीएम कार्ड रखा हुआ था। पीडि़ता ने थाना सेक्टर 24 में अज्ञात महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मूल रूप से पश्चिम बंगाल के रहने वाले सोमन हलधर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह सेक्टर 23 में ओपीएस गहलोत के यहां काम करता है। 17 अक्टूबर की सुबह एक महिला ओपी एस गहलोत की कोठी पर पहुंची। महिला ने खुद का नाम गीता बताते हुए कहा कि वह घरों में खाना बनाने का काम करती है। किसी कामवाली ने उसे बताया कि यहां पर खाना बनाने वाली महिला की जरूरत है।

सोमन के मुताबिक उक्त महिला ने बताया कि वह सेक्टर 22 में रहती है और उसका पति ई-रिक्शा चलाता है। इसके बाद उसने गीता को अपनी मालकिन से मिलवा दिया और बाहर चला गया। इस दौरान उसके मालिक भी घर पहुंच गए। उन्होंने गीता नामक महिला से मोबाइल फोन नंबर और आधार कार्ड मांगा। इस पर वह आधार कार्ड लाने के बहाने घर से निकल गई। कुछ देर बाद जब उसकी मालकिन बाथरूम से लौटी तो पता चला कि उनका टेबल पर रखा पर्स गायब था। पर्स में 25 हजार रुपए ,सोने की चेन, एटीएम कार्ड व अन्य जरूरी कागजात रखे हुए थे। पर्स गायब देखकर उन्होंने महिला की तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

# रावण फूंकने पर पूर्व बैंक मैनेजर व बेटे से मारपीट

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** घर के बाहर रावण का पुतला फूंकने का विरोध करने पर दबंग पड़ोसियों ने सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर व उसके बेटे के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने बैंक मैनेजर के साथ जाति सूचक शब्दों का भी प्रयोग किया। पीड़ित ने थाना दादरी में चार नामजद सहित 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कठहेडा रोड निवासी नैन सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह रिटायर्ड बैंक मैनेजर हैं और सीनियर सिटीजन है। उनके घर के बाहर उनके पड़ोसी समीर के बेटे रावण का पुतला फूंक रहे थे। पुतले में लगे बम तेज धमाके के साथ फट रहे थे। जिस जगह पड़ोसी पुतला जला रहे थे वहां उनकी बाइक और अन्य गाड़ियां खड़ी हुई थी। उन्होंने घर के बाहर पुतला फूंकने का विरोध किया तो समीर की पत्नी व बेटों ने गाली गलौज शुरू कर दी और कहा कि यह सरकारी रास्ता है और वह पुतला यही जलाएंगे। गाड़ियों में आग ना लगे इस कारण उन्होंने पुतले पर पानी डालकर आग को बुझा दिया। इस पर समीर की पत्नी ने फोन कर अन्य लोगों को बुला लिया। मौके पर पहुंचे समीर, उसकी पत्नी, बेटे व अन्य लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उनका बेटा सौरभ उन्हें बचाने आया तो आरोपियों ने उसके साथ हुई मारपीट की। आरोपियों ने जाति सूचक शब्दों का भी प्रयोग किया। सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर का कहना है कि समीर व उसके परिजन आए दिन उन्हें जाति सूचक शब्दों से संबोधित करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# कार्ड व मोबाइल चोरी कर बैंक खाता किया खाली

**नोएडा ( चेतना मंच )।** चोरों ने एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड व मोबाइल चोरी कर उसके खाते से 102000 निकाल लिए। पीड़ित ने थाना सूरजपुर में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। गुलिस्ता मोड पर राजेश भाटी के मकान में किराए पर रहने वाले अमित विश्वकर्मा ने बताया कि रात्रि के समय किसी चोर ने उसके कमरे से एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन, पैन कार्ड, आधार कार्ड आदि चोरी कर लिया। उसने जब अपना पुराना नंबर बंद कर नया नंबर लिया तो उसमें उसके एटीएम खाते से 100000 तथा मोबाइल के द्वारा 2000 रुपए यूपीआई से निकल जाने का मैसेज आया। मैसेज आने के बाद उसने अपने खाते तथा एटीएम कार्ड को ब्लॉक कर दिया। अमित विश्वकर्मा के मुताबिक चोर ने उसके एटीएम व मोबाइल के जरिए उसके खाते से पैसे निकाले हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर दिया है और जांच कर रही है।

## खास खबर

### जोकोविच और सिनेर जीते

रियाद। रियाद में आयोजित सिक्स किंग्स स्लैम नुमाइशी टेनिस चैम्पियनशिप में इटली के यानिक सिनेर ने कार्लोस अल्काराज को 6-7, 6-3, 6-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में नोवाक जोकोविच ने तीसरे स्थान के मैच में राफेल नडाल को 6-2, 7-6 से मात दी। राफेल नडाल, जो 22 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता हैं, इस चैम्पियनशिप में अपने करियर का अंतिम मैच खेल रहे थे। नडाल अगले महीने डेविस कप में स्पेन के लिए अपना आखिरी मैच खेलकर टेनिस से संन्यास लेंगे। अल्काराज ने इस टूर्नामेंट के पिछले दौर में नडाल, सिनेर और जोकोविच को हराकर शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन फाइनल में सिनेर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। यह नुमाइशी टूर्नामेंट होने के कारण इसमें पुरस्कार राशि तो दी जाती है, लेकिन एटीपी अंक नहीं मिलते।

### फुटबॉल मैच के बाद गोलीबारी, तीन की मौत, आठ घायल

मिसिसिपी। मध्य मिसिसिपी में दो लोगों ने सैकड़ों लोगों के एक समूह पर गोलीबारी कर दी, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और आठ घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि ये लोग खेल समाप्त होने के कई घंटे बाद स्कूल की घरेलू फुटबॉल जीत का जश्न मना रहे थे। गोलीबारी की घटना समारोह में मौजूद कुछ लोगों के बीच झगड़े के बाद हुई। रिपार्ट में बताया गया है कि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि झगड़े की शुरूआत कैसे हुई। करीब 200 से 300 लोग जश्न मना रहे थे और गोलीबारी की आवाज सुनकर भागने लगे। दो मृतकों की उम्र 19 साल बताई गई है और तीसरे की उम्र 25 साल थी। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

### वार्षिक दंगल में पहलवानों ने लिया हिस्सा

आरएस पुरा। आरएस पुरा क्षेत्र के गांव चौहाला में रविवार को वार्षिक दंगल का आयोजन हुआ जिसमें जम्मू कश्मीर के साथ-साथ पंजाब, हिमाचल तथा नई दिल्ली से नामी एवं दिग्गज पहलवानों ने हिस्सा लेकर अपने-अपने जौहर दिखाए। पीर बाबा परवान शाह की याद में आयोजित होने वाले इस दंगल का पहला मुकाबला सोनू कांगड़ा तथा मुकेश कोहाली के बीच हुआ। मुकाबला काफी देर तक चला लेकिन इस मुकाबले को बराबरी पर ही समाप्त करना पड़ा। वहीं दंगल का दूसरा मुकाबला नदीम पहलवान तथा गौरव पहलवान के बीच हुआ। मुकाबला बराबरी पर ही रहा। दंगल के तीसरे मुकाबले पर बबा पहलवान ने दिल्ली के सौरव पहलवान को हराकर जीत हासिल की। इस मौके पर दंगल कमेटी के प्रधान सरदार रमणीक सिंह, अध्यक्ष सरदार खड़क सिंह, पंचायत के पूर्व सरपंच अशोक कुमार, जगदीश राज बिट्टू, जनक राज, जिला वन अधिकारी करनैल कुमार तथा पूर्व सेना अधिकारी बोधराज सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। इस मौके पर दंगल कमेटी के सदस्यों ने दंगल की शुरूआत करवाने के साथ-साथ विजेता पहलवानों को इनाम राशि देकर सम्मानित किया।

### रेड आर्मी ने बैंक ऑफ बड़ोदा को हराकर जीता टूर्नामेंट

हरिद्वार। प्रेम नगर आश्रम परिसर में द्वितीय मां गंगा ऑल इंडिया इन्विटेशनल बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में रेड आर्मी की टीम ने बैंक ऑफ बड़ौदा की टीम को 8058 से जीत दर्ज कर ट्राफी अपने नाम की। इससे पहले खेले गए सेमीफाइनल मैच में रेड आर्मी और पश्चिम रेलवे के मध्य खेला गया जिसमें 8864 से रेड आर्मी की टीम ने जीत दर्ज की। दूसरा सेमीफाइनल बैंक ऑफ बड़ोदा और नॉर्दर्न रेलवे के मध्य खेला गया जिसमें बैंक ऑफ बड़ौदा ने 7662 के अंतर से जीत दर्ज की। इस अवसर पर वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि हरिद्वार में हुई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता से उत्तराखंड में जनवरी में होने वाले राष्ट्रीय खेलों का आगाज हो गया है। इस प्रकार की प्रतियोगिता से हमारे राज्य के खिलाड़ियों को भी काफी कुछ नया सीखने को मिलेगा। रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा की खेलो से खिलाड़ियों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। भी आयोजकों को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी। हरिद्वार बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित नैय्यर ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# सुल्तान ऑफ जोहोर कप : भारतीय टीम ने ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराया

एजेंसी



**जोहोर बाहरू (मलेशिया)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का सुल्तान ऑफ जोहोर कप 2024 में शानदार प्रदर्शन जारी है। रविवार को यहां खेले गए अपने दूसरे मैच में भारतीय टीम ने ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। भारतीय टीम की ओर से मोहम्मद कोनैन दाद (7वें मिनट), दिलराज सिंह (17वें, 50वें मिनट), शारदा नंद तिवारी (20वें, 50वें मिनट) और मनमीत सिंह (26वें मिनट) ने गोल किया। ग्रेट ब्रिटेन के लिए रोरी पेनरोज (2वें, 15वें मिनट), माइकल रॉयडेन (46वें, 59वें मिनट) ने गोल किया। भारतीय टीम दो मैच में दो जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर मौजूद है। भारतीय टीम का सामना अब मंगलवार को मेजबान मलेशिया से होगा।

मैच में शुरूआत से दोनों टीमों की ओर से रोमांच देखने को मिला। खेल के दूसरे मिनट में ही ग्रेट ब्रिटेन के रोरी पेनरोज ने पहला गोल दागा और भारतीय टीम पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन भारतीय टीम ने 7वें मिनट में मोहम्मद कोनैन दाद के गोल से वापसी की। इस गोल से भारतीय टीम ने बराबरी कर ली। हालांकि, 15वें मिनट में रोरी ने अपना दूसरा गोल करके ग्रेट ब्रिटेन को फिर से बढ़त दिला दी।

भारतीय टीम ने दूसरे क्वार्टर में अपना दबदबा बनाया और लगातार तीन गोल किए। सबसे पहले 17वें मिनट में दिलराज ने गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद 20वें मिनट में शारदा नंद तिवारी के गोल से भारत की बढ़त 3-2 हो गई। कुछ समय बाद 26वें मिनट में मनमीत सिंह ने गोल कर भारत की बढ़त 4-2 कर दी। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने गोल की कोशिश की, लेकिन कोई गोल नहीं आया। चौथे क्वार्टर के शुरूआती मिनट में ग्रेट ब्रिटेन को सफलता मिली। माइकल रॉयडेन ने 46वें मिनट में गोल कर स्कोर 4-3 कर दिया। भारतीय टीम को 50वें मिनट में पेनाल्टी कार्नर मिला, जिसे ड्रैगफ्लिकर शारदा नंद ने गोल में तब्दील किया। कुछ ही सेकेंड में दिलराज ने एक शानदार फील्ड गोल करके भारत की बढ़त को 6-3 कर दिया। अंतिम कुछ मिनट काफी रोमांचक रहे, जिसमें ब्रिटेन ने 59वें मिनट में माइकल रॉयडेन के माध्यम से अपना चौथा गोल किया लेकिन अंत में भारत ने 6-4 की बढ़त को कायम रखते हुए मैच अपने नाम कर लिया।

# रचिन की नेटवर्थ 2 मिलियन डॉलर के आस पास

एजेंसी



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के खिलाफ पहली पारी में न्यूजीलैंड के लिए शानदार बैटिंग करते हुए खिलाडी रचिन रवींद्र ने शानदार शतक लगाया। टीम इंडिया फिलहाल न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही है। रचिन रवींद्र ने 157 गेंदों में 134 रन की पारी खेली और अंत तक खड़े रहे। अपनी पारी में उन्होंने 14 चौके और 4 छक्के मारे। रचिन का कनेक्शन भारत से रहा है। उनके माता पिता भारत से ही थे। बाद में वह न्यूजीलैंड में जाकर बस गए। रचिन ने 5 साल की उम्र में ही क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था। वह क्लब क्रिकेट खेलने के लिए बैंगलोर भी आया करते थे। वर्ल्डस कप के उद्घाटन मैच में ही उन्होंने इंग्लैंदड के खिलाफ शतक जड़ दिया था। इसके बाद यह बात सामने आई थी कि भारतीय टीम के दिग्गएज प्लोयर राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर के शुरूआती नाम को जोड़कर रचिन का नाम रखा गया है। हालांकि, ऐसा कुछ नहीं था। रचिन नाम रचिन की मां ने सुझाया था इस बात का खुलासा उनके पिता ने किया था। न्यूजीलैंड के युवा बैटर रचिन रवींद्र जिन्होंने वर्ल्ड कप 2023 के बाद से क्रिकेट में अपनी गहरी पहचान बनाई है। रचिन रवींद्र ने 2023 में ही डेब्यू किया और ईश सोढ़ी के चोटिल होने पर वर्ल्ड कप स्क्वॉड के लिए पहले ऑप्शन बने थे। उन्होंने वर्ल्ड कप में 10 मैच में 578 रन ठोके, जिसमें दो फिफ्टी और 3 शतक शामिल थे। वह शतक बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर थे।

# भारत ने पाकिस्तान को मुकाबले में 07 रन से हराया

एजेंसी



**नई दिल्ली।** एसीसी मेन्स टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 के तहत अल अमीरात क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में भारत-ए ने पाकिस्तान-ए को एक रोमांचक मुकाबले में सात शिकस्त दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरण और तिलक वर्मा के प्रदर्शन की बदौलत 183 रन बनाए। लक्ष्य का पीछी करने उतरी पाकिस्तान टीम ने एक समय 78 रन पर ही चार विकेट खो दिए थे। लेकिन इसके बाद अराफात मिन्हास ने धुंआधार बल्लेबाजी की। ऐसे समय में रासिख सलाम ने 2 विकेट लेकर मैच भारत के पक्ष में कर दिया। अब्बास अफरीदी ने भी आखिर तक जोर लगाया लेकिन आखिर भारत की हुई। अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरण सिंह ने भारत-ए को अच्छी शुरूआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 6 ओवर में ही 68 रन जोड़े। अभिषेक ने 22 गेंदों पर 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 35 रन तो प्रभसिमरण ने 19 गेंदों पर 3 चौके और 3 छक्कों की मदद से 36 रन बनाए। कप्तान तिलक वर्मा ने 35 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 44 रन अपनी टीम के लिए जोड़े। बाद में नेहल वडेहरा ने 22 गेंदों पर 25 तो रमनदीप सिंह ने 11 गेंदों पर 17 रन बनाकर स्कोर 8 विकेट पर 183 तक पहुंचाया। पाकिस्तन के लिए सुफियान मुकीम ने 28 रन देकर 2 विकेट झटके। पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद हारिस ने पहले ही गेंद पर छक्का लगाकर पारी की शुरूआत की लेकिन वह अंशुल कंबोज की अगली ही गेंद पर बोल्ड होकर पवेलियन लौट गए। उमेर युसूफ भी 2 ही रन बना पाए। यासिर खान ने 22 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 33 तो कासिम अकरम ने 21 गेंदों पर 27 रन बनाए। मध्यक्रम में अराफात मिन्हास ने 29 गेंदों पर 5 चौके और एक छक्के की मदद से 41 रन का योगदान दिया। अब्दुल समद ने 15 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 25 रन बनाए। अब्बास अफरीदी ने 9 गेंदों पर 4 चौके लगाकर 18 रन जरूर बनाए लेकिन उनकी टीम 176 रन ही बना पाई और 7 रन से हार गई।

# तिलक वर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ लगाये छक्के

एजेंसी



**ओमान।** एसीसी इमर्जिंग टी20 एशिया कप 2024 की धमाकेदार शुरूआत इंडिया ए ने अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान ए के खिलाफ जीत के साथ की। तिलक वर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने रोमांचक मैच में पाकिस्तान को 7 रन से मात दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडिया ए ने 8 विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाए। पावरप्ले का बेहतरीन फायदा उठाते हुए टीम ने शुरूआती 6 ओवरों में 68 रन बटोरे, जिससे उन्हें मजबूत स्कोर खड़ा करने में मदद मिली। कप्तान तिलक वर्मा ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए, जिसमें उन्होंने 2 चौके और 2 शानदार छक्के लगाए। उनका एक जबरदस्त छक्का पाकिस्तानी तेज गेंदबाज मोहम्मद इमरान के खिलाफ लॉन्ग ऑफ के ऊपर से आया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। स्टार स्पोर्ट्स ने इस सिक्स की वीडियो साझा की, जिसमें तिलक के इस शानदार शॉट की तारीफ हो रही है। इंडिया ए को आक्रामक शुरूआत दिलाने में अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह का भी अहम योगदान रहा। अभिषेक ने 22 गेंदों में 35 रन बनाए, जिसमें 5 चौके और 2 छक्के शामिल थे, जबकि प्रभसिमरन ने 19 गेंदों पर 36 रन ठोके, जिसमें 3 चौके और 3 छक्के शामिल थे। 184 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ए की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 176 रन ही बना सकी। पाकिस्तान की ओर से अराफात मिन्हास ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए।

# रुतुराज गायकवाड़ कर सकते हैं भारत की कप्तानी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** महीने के अंत में शुरू होने वाले दो चार दिवसीय प्रथम श्रेणी मैचों में रुतुराज गायकवाड़ ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए की कप्तानी कर सकते हैं। सभी की निगाहें भारत ए के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर होंगी जिसमें गायकवाड़ के साथ अभिमन्यु ईश्वरन और साई सुदर्शन शामिल हो सकते है।बात दें कि कप्तान रोहित शर्मा अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने वाली बहुप्रतीक्षित बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो टेस्ट मैचों में से एक में नहीं खेल पाएंगे, जिसके बाद भारत एक रिजर्व ओपनर की तलाश है। ईश्वरन दोनों मैचों के दौरान चर्चा का विषय रहने वाले है। उन्होंने अपनी शानदार फॉर्म के दम पर शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने दलीप ट्रॉफी में दो शतक लगाए और इसके बाद ईरानी कप में एक और शतक लगाया। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैचों को खिलाड़ियों के लिए अपनी क्षमता साबित करने और पांच टेस्ट के लिए भारत की टीम में जगह बनाने का ऑडिशन माना जा सकता है। देवदत्त पडिक्कल, बाबा इंद्रजीत और रिकी भुई भारत ए टीम में मध्यक्रम की मजबूत बल्लेबाजी कर सकते हैं। केंद्रीय अनुबंध से बाहर होने के बाद ईशान किशन पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी कर सकते हैं।

# जर्मनी के खिलाफ वरूण कुमार की भारतीय हॉकी टीम में वापसी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के डिफेंडर वरुण कुमार की वापसी जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिए हुई है। वरुण को पेरिस ओलंपिक और एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी की टीम में जगह नहीं मिल पाई थी, क्योंकि उनके खिलाफ एक जूनियर वॉलीबॉल खिलाड़ी द्वारा यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया था। फरवरी में बेंगलुरु पुलिस ने उनके खिलाफ पोक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का सं र क्षण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। 22 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया था कि पिछले पांच सालों से वरुण ने कई बार उसका यौन उत्पीड़न किया, जो तब शुरू हुआ जब वह नाबालिग थी।

हालांकि, हॉकी इंडिया के सूत्रों के अनुसार, वरुण को सभी आरोपों से क्लीन चिट मिलने के बाद टीम में शामिल किया गया है। भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह होंगे, लेकिन मिडफील्डर हार्दिक सिंह चोट के कारण टीम से बाहर रहेंगे। इस श्रृंखला के जरिए राजिंदर सिंह और आदित्य अर्जुन लालागे अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करेंगे। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी कृशन बहादुर पाठक और सूरज करकेरा पर होगी, जबकि डिफेंस की कमान हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत, अमित रोहिदास, वरुण कुमार और संजय संभालेंगे। मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, विष्णु कांत सिंह, नीलाकांता शर्मा, शमशेर सिंह, मोहम्मद राहीन मौसीन और राजिंदर सिंह शामिल होंगे।

# हम वापसी करना जानते हैं : रोहित शर्मा

एजेंसी



**बेंगलुरु।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को विश्वास है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में आठ विकेट से हारने के बावजूद उनकी टीम वापसी करेगी, जैसे इस साल की शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ लगातार चार मैच जीतकर की थी। भारतीय टीम पहली पारी में घरेलू टेस्ट में अपने न्यूनतम स्कोर 46 रन पर आउट हो गई थी, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने कुछ हद तक वापसी की। हालांकि, न्यूजीलैंड ने अंततः उन्हें 8 विकेट से हरा दिया। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में रोहित ने कहा, ऐसे मैच होते रहते हैं। हमें इसे पीछे छोड़कर आगे बढ़ना होगा। हमने इंग्लैंड के खिलाफ भी एक मैच हारने के बाद लगातार चार मैच जीते थे, इसलिए हमें पता है कि हर खिलाड़ी को क्या करना है। उन्होंने स्वीकार किया कि हालात को समझने में उनसे गलती हुई, लेकिन यह भी कहा कि उन्होंने यह कल्पना नहीं की थी कि भारतीय टीम पहली पारी में सिर्फ 46 रन पर आउट हो जाएगी। रोहित ने कहा, मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि हमें शुरूआत में मुश्किलें हो सकती हैं, लेकिन हमने यह नहीं सोचा था कि टीम 46 रन पर सिमट जाएगी। न्यूजीलैंड ने बेहतरीन गेंदबाजी की और हम विफल रहे। उन्होंने दूसरी पारी में भारतीय टीम की वापसी की सराहना की और कहा, जब आप 350 रन से पीछे हों तो ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। लेकिन कुछ अच्छी साझेदारियां बनीं। हम सस्ते में आउट हो सकते थे।

# नगर आयुक्त की बल्लेबाजी से जीती सीपी इलेवन

एजेंसी




**कानपुर।** शहर की स्वच्छता के साथ विकास का जिम्मा संभालने वाले नगर आयुक्त आईएएस अधिकारी सुधीर कुमार के हाथों में जब बल्ला आया तो उन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। उन्होंने महज 53 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 93 रन बनाए और नाबाद रहे। उनके रनों की बदौलत पालिका स्टेडियम में हुए सीपी इलेवन और टीएसएच इलेवन के बीच उद्घाटन मैच को सीपी इलेवन की टीम ने छह विकेट से जीत लिया। इसके पहले टास जीतकर सीपी इलेवन की टीम ने फील्डिंग करने का फैसला किया। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की कप्तानी में हुए मैच में उन्होंने इस प्रकार की फील्डिंग सजाई की टीएसएच इलेवन की टीम 20 ओवर में पांच विकेट की नुकसान पर 175 रन ही बना सकी। टीएसएच की तरफ से करन दवे ने 41 गेंद पर 60 रन और शिखर ने 34 गेंद पर 47 रन बनाए। विकेट कीपर बल्लेबाज तरंग ने 33 रन बनाकर नाबाद रहे और सनी 12 रन बनाकर आउट हो गये। इसके बाद कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। अच्छी फील्डिंग और गेंदबाजी का परिचय देते हुए सीपी इलेवन से एडीसीपी मनीष सोनकर, गौरांग राठी, रिषभ और जोगिंदर कुमार ने एक विकेट लिये। जीत तक डटे रहे नगर आयुक्त इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी सीपी इलेवन की टीम केस्को एमडी सैमुअल पाल और नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने सधी हुई शुरूआत की। सैमुअल पाल 10 गेंद में 10 रन बनाकर आउट हो गये लेकिन नगर आयुक्त अंतिम तक डटे रहे। एडीजी जोन आलोक सिंह ने 5 रन, पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने 5 रन, गौरांग राठी ने 33 रन बनाकर आउट हुए। विकेट कीपर बल्लेबाज रिषभ ने नगर आयुक्त का साथ दिया और 8 गेंद पर 17 रन बनाकर नाबाद रहते हुए टीम को विजय दिलाई। गेंदबाजी में टीएसएच इलेवन की टीम से सनी, असीम जैन, नितिन गोयल को एक-एक विकेट प्राप्त हुए। शनिवार शाम साढ़े छह बजे से शुरू हुए टी-20 मैच में मैन आफ द मैच, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बालर, बेस्ट फील्डर, अधिकतम सिक्सर आफ द मैच के अवार्ड टीएसएच के निदेशक प्रणीत अग्रवाल, पूर्व टेस्ट क्रिकेटर गोपाल शर्मा, पूर्व रणजी खिलाड़ी शशिकांत खांडेकर, राहुल सपरु ने किया।

# श्रेयस अय्यर ने टीम में वापसी की जताई इच्छा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया से बाहर चल रहे बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने लंबे समय बाद रणजी ट्रॉफी के मैच में शानदार शतक बनाकर भारतीय टेस्ट टीम में वापसी की अपनी प्रबल इच्छा जताई है। महाराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मैच में अय्यर ने शानदार शतक जड़ा, जो उनके लिए एक भावनात्मक पल था। पीठ की सर्जरी के बाद श्रेयस ने अपनी फिटनेस पर काफी मेहनत की है और टेस्ट क्रिकेट में एक बार फिर से जगह बनाने के लिए तैयार हैं। श्रेयस अय्यर को पिछले कुछ समय पहले बार-बार पीठ की चोट का सामना करना पड़ा, जिसके कारण उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। इसके चलते वह कई महीनों तक क्रिकेट से दूर रहे। उन्होंने अपने करियर का आखिरी टेस्ट शतक नवंबर 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ कानपुर टेस्ट में जड़ा था, और अब लगभग तीन साल बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शतक बनाया है। अय्यर ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, बहुत लंबे समय बाद वापसी करना मेरे लिए खास है। चोटों के कारण मैं थोड़ा निराश महसूस कर रहा था, लेकिन अब शतक बनाना बेहद संतोषजनक है। अय्यर ने अपनी भावनाओं को साझा करते हुए कहा कि वह भारतीय टेस्ट टीम में वापसी के लिए बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, मैं वापसी के लिए पूरी तरह से उत्सुक हूं, लेकिन मुझे केवल उन्हीं चीजों पर ध्यान देना है जो मेरे नियंत्रण में हैं। मेरा काम है निरंतर अच्छा प्रदर्शन करना और जितना हो सके उतना क्रिकेट खेलना। इसके साथ ही शरीर की फिटनेस बनाए रखना भी बेहद जरूरी है। अय्यर का मानना है कि केवल निरंतर अच्छा प्रदर्शन ही उन्हें फिर से भारतीय टेस्ट टीम में जगह दिला सकता है। श्रेयस अय्यर ने फरवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में आखिरी बार भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेला था। चोटों के कारण वह अधिक खेल नहीं पाए, और इस साल की शुरूआत में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की केंद्रीय अनुबंध सूची से भी बाहर हो गए थे।

# हाफ मैराथन में एलेमाडिस इयायु ने महिला वर्ग का खिताब जीता

एजेंसी



**नई दिल्ली।** युगांडा के धावक जोशुआ चेप्टेगी और इथियोपिया की एलेमाडिस इयायु ने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के 19वें संस्करण में क्रमशः पुरुष वर्ग तथा महिला वर्ग का खिताब जीता है। वहीं धावक सावन बरवाल ने एक घंटा, दो मिनट और 46 सेकेंड और लिली दास एक घंटा 18 मिनट और 12 सेकेंड के समय के साथ क्रमशः भारतीय पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता है। मैराथन को रविवार को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पुरुषों की दौड़ में ओलंपिक चैंपियन जोशुआ चेप्टेगी ने 59 मिनट 46 सेकेंड के समय के साथ जीत दर्ज की। वहीं एलेमाडिसा इयायु ने एक घंटे 8 मिनट और 17 सेकेंड के समय के साथ महिला वर्ग में जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में केन्या के एलेक्स मटाटा 59 मिनट 53 सेंकेंड के साथ दूसरे और उनके हमवतन निकोलस किपकोरिर 59 मिनट 59 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में केन्या की सिंथिया लिमो एक घंटा आठ मिनट 27 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान और इथियोपिया की तिरुये मेसफिन ने एक घंटे नौ मिनट 42 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। कई खिताब अपने नाम करने वाले चेप्टेगी ने जीत के बाद कहा कि दिल्ली में यह जीत मेरे लिए खास है, क्योंकि यह हाफ मैराथन में मेरी पहली जीत है। भारत मेरे करियर के लिए महत्वपूर्ण रहा है और यह देश अब मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं और उम्मीद करता हूं कि भविष्य की रेसों में भी मैं इसी तरह आगे बढ़ूंगा। महिला वर्ग का खिताब जीतने के बाद एलेमाडिस इयायु ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि मैंने अच्छी रेस की। मैंने अपनी गति बनाए रखने की कोशिश की और अच्छा प्रदर्शन करने का लक्ष्य रखा। मैं इसे हासिल करके खुश हूं। सावन बरवाल ने पिछले प्रदर्शन में सुधार किया- भारतीय धावक सावन बरवाल इस बार वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के पोडियम पर लगातार दूसरे संस्करण में जगह बनाने के बाद स्वर्ण पदक के साथ घर लौटेंगे। एक घंटा, दो मिनट और 46 सेकंड के समय के साथ बरवाल ने अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने पीछले संस्करण में कांस्य पदक जीता था। भारतीय पुरुष वर्ग में पुनीत यादव 1 घंटा, तीन मिनट और पांच सेकेंड के साथ दूसरे और किरण मात्रे 1 घंटा, 4 मिनट 58 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। रेस के बाद भावुक सावन बरवाल ने कहा कि पिछली वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन से लेकर वर्तमान संस्करण तक का सफर शानदार रहा है। उन्होंने कहा कि मैं 62 मिनट में रेस पूरी करने के बारे में नहीं सोच रहा था, लेकिन जिस तरह से मैंने शुरूआत की और जब मैं रेस में शामिल हुआ, तो मुझे पता था कि मैं अंत तक जा सकता हूं। भारतीय एलीट महिला वर्ग में लिली दास अपने प्रतिद्वंद्वियों से मीलों आगे रहीं। उन्होंने 1 घंटा 18 मिनट 12 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। दूसरे स्थान पर पिछले साल की विजेता कविता यादव रहीं, जिन्होंने 1 घंटा 19 मिनट 44 सेकेंड का समय निकाला। तीसरे स्थान पर प्रीति लांबा रहीं, जिन्होंने 1 घंटा 20 मिनट 21 सेकेंड के समय के साथ फिनिश लाइन पार की।

# राजस्थान ने मेजबान हिमाचल को आठ विकेट से दी मात

एजेंसी



**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में हिमाचल और राजस्थान के बीच खेले गया रणजी ट्रॉफी के ग्रुप बी का मैच तीसरे दिन ही खत्म हो गया। इस मैच को राजस्थान ने आठ विकेट से जीतकर मेजबान हिमाचल को उसी के घर पर शिकस्त दी। हिमाचल की दूसरी पारी में भी बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और पूरी टीम 260 रनों पर आउट हो गई। दो पारियों में हिमाचल ने कुल 358 रनों का स्कोर बनाया जिसके चलते राजस्थान की पहली पारी में 334 के स्कोर के चलते उसके समक्ष महज 25 रनों का लक्ष्य था। राजस्थान ने दूसरी में 25 रनों के लक्ष्य को छठे ओवर में दो विकेट खोकर पूरा कर लिया। दोनों विकेट विपिन शर्मा को मिले। बीते 18 अक्टूबर को शुरू हुए इस मैच में हिमाचल ने टॉस जीतकर राजस्थान को बल्लेबाजी का न्यौता दिया था। राजस्थान ने पहली पारी बेहतर बल्लेबाजी करते हुए 334 रन बनाए। पहली पारी में हिमाचल की टीम पूरी तरह बिखर गई और महज 98 रनों पर ही आलआउट हो गई। 236 रन पीछे चल रहा हिमाचल दूसरी पारी में भी 260 का स्कोर ही कर पाया। जिसके चलते राजस्थान ने आसानी से मैच तीसरे दिन ही अपने नाम कर लिया।

## मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने जब्त किया करोड़ों का सोना व नशीला पदार्थ

मुंबई। मुंबई के सीमा शुल्क विभाग ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 1.45 करोड़ रुपये का नशीला पदार्थ (मारिजुआना) जब्त किया। यह अवैध पदार्थ बैंकॉक के एक यात्री के पास से जब्त किया गया था। यात्री ने वैक्यूम-सीलबंद पैकेट में 1.45 किलोग्राम गांजा छुपाया था। चेक-इन लगेज में कपड़ों में नशीला पदार्थ लपेटा हुआ था। आरोपियों के खिलाफ सीमा शुल्क अधिनियम और नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। अधिकारियों ने कहा कि आगे की जांच जारी है।

**दो करोड़ रुपये का सोना जब्त -**

मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने सात मामलों में 2 किलो 427 ग्राम सोना जब्त किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सोने की कीमत 1 करोड़ 70 लाख रुपये है। इसके अलावा 42 लाख रुपये का इलेक्ट्रॉनिक सामान भी जब्त किया गया है। इसमें मोबाइल और टैबलेट शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक अधिकारियों को जानकारी मिली थी कि केन्या, जेद्दा, दुबई, रसूल खैमाह से मुंबई आने वाली उड़ानों के जरिए सोने की तस्करी की जा रही है। जिसके बाद अधिकारियों ने इन विमानों के बाहर जाल बिछा दिया था। इन उड़ानों से आने वाले कुछ यात्रियों की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर उनके दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान इस सोने की तस्करी का खुलासा हुआ।

## श्रीलंका ने गिरफ्तार 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेजा

नई दिल्ली। श्रीलंका ने मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया है। दोनों देशों के मछुआरों को एक-दूसरे के जलक्षेत्र में अनजाने में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार किया जाता रहा है। भारतीय उच्चायोग ने एक पोस्ट में कहा कि 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया गया है और वे तमिलनाडु, भारत के लिए रवाना हो गए हैं। मछुआरों का मुद्दा द्विपक्षीय संबंधों में एक विवादास्पद विषय रहा है। श्रीलंका नौसेना की आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक इस साल देश की नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए गए भारतीयों की संख्या बढ़कर 413 हो गई है जबकि 55 नौकाएं जब्त की गई हैं।

## बारामूला जिले में सेना ने की घुसपैठ की कोशिश नाकाम

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा पर सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि जवानों ने उरी सेक्टर के कमलकोट इलाके में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधियां देखीं और घुसपैठियों को ललकारा। घुसपैठियों ने जवानों को आता देख गोलीबारी शुरू कर दी जिसका सेना के जवानों ने जवाब दिया। उन्होंने बताया कि इसमें एक घुसपैठिया मारा गया है। उन्होंने दुर्गम इलाका होने के कारण मारे गए घुसपैठिए का शव अभी तक बरामद नहीं हो सका है।

## आरएसएस कार्यकर्ताओं पर हमले के आरोपी का घर ढहाया

जयपुर। जयपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 10 कार्यकर्ताओं पर चाकू से हमले के आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाया गया है। बुलडोजर कार्रवाई को अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई बताया जा रहा है। जानकारी अनुसार रजनी विहार इलाके में एक मंदिर में जागरण के दौरान आरोपी बाप-बेटे ने आरएसएस कार्यकर्ताओं पर हमला किया था। गुरुवार को हुए इस हमले के बाद, शुक्रवार को एसीपी गौरीशंकर शर्मा ने मौके पर मुआयना किया। शनिवार को जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने मकान मालिक नसीब चौधरी को नोटिस जारी किया और 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा। जवाब नहीं मिलने पर, रविवार सुबह 10-40 बजे बुलडोजर कार्रवाई शुरु कर दी गई। एसीपी के अनुसार नसीब चौधरी के घर से सामान हटाते समय क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय निवासियों ने चौधरी को भूमाफिया करार देते हुए बताया कि वह मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का विरोध करता था। वहीं पूर्व महापौर शील धाभाई ने इसे एक शर्मनाक और दर्दनाक घटना करार दिया है। उन्होंने कहा कि नसीब ने मंदिर पर कब्जा कर रखा था और इसकी कार्रवाई बहुत पहले हो जानी चाहिए थी। एसीपी शर्मा ने आश्वासन दिया कि मंदिर और पार्क की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की प्रक्रिया जारी रहेगी।

## अयोध्या में दीपोत्सव पर निकलेंगी झांकियां, मुस्लिम कारीगर कर रहे तैयार

अयोध्या। इस बार अयोध्या में दीपोत्सव खास होगा। रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं, जिसकी झलक दीपोत्सव में इस बार देखने को मिलेगी। इस बार दीपोत्सव में झांकियां होंगी जिसे दर्जनों मुस्लिम कारीगर बना रहे हैं। रामायण के सातों कांडों पर झांकियां तैयार की जा रही हैं। इसके साथ ही राम मंदिर मॉडल और राम दरबार की झांकियां सबसे खास होगी। युद्ध स्तर पर झांकियां बनाने का काम किया जा रहा है, जो 27 अक्टूबर को रिहर्सल के लिए नगर भ्रमण पर निकलेंगी। दीपोत्सव हर साल एक नया इतिहास रचता है। इस बार दीपोत्सव में सबसे खास अयोध्या के सड़कों पर निकलने वाली झांकियां होंगी। भगवान राम के जीवन पर आधारित यह झांकियां साकेत महाविद्यालय से निकलकर और लता मंगेशकर चौक तक जाएंगी, जहां सीएम योगी झांकियों का स्वागत करेंगे। 18 झांकियां निकलेंगी जिसमें आठ झांकियां पर्यटन विभाग तो 10 झांकियां सूचना विभाग की हैं। इन झांकियों को 30 से ज्यादा मुस्लिम कारीगर बना रहे हैं, जो पिछले तीन सालों से लगातार दीपोत्सव की झांकियां बनाते आ रहे हैं जिनकी कारीगरी देखते ही बनती है लोग इनकी कारीगरी को निखारने के साथ उनकी तारीफ करना भी नहीं भूलते। दीपोत्सव को चार चांद लगाने के लिए यह झांकियां सुबह 9 बजे साकेत महाविद्यालय से निकलकर राम कथा पार्क तक जाएंगी, जो कि करीब 2 बजे समाप्त होगी।

# महाराष्ट्र में नयी सरकार के गठन का समय निर्धारित करना भाजपा की चाल है: संजय राउत



**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग द्वारा महाराष्ट्र में नयी सरकार के गठन के लिए केवल 48 घंटे का समय निर्धारित किया जाना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चाल है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार बनाने का दावा करने में असमर्थ हो जाए। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। राज्य में 20 नवंबर को मतदान होना हैं और 23 नवंबर को मतगणना होगी।

राज्यसभा सदस्य ने संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया, ''अमित शाह के साथ-साथ भाजपा ने यह स्वीकार कर लिया है कि पार्टी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव नहीं जीत पाएगी। ऐसा लगता है कि महा विकास आघाडी को सरकार बनाने के बारे में चर्चा करने और निर्णय लेने के लिए समय समिति करने की रणनीति है। अगर एमवीए के घटक दावा करने में विफल रहते हैं, तो राज्यपाल छह माह के लिये राष्ट्रपति शासन की सिफारिश करेंगे।'' उन्होंने दावा किया कि भाजपा एमवीए को सत्ता में वापस आने से रोकने के लिए यह कदम उठा रही है।

उन्होंने कहा, ''इसके अलावा, भारत निर्वाचन आयोजन ने चुनाव कार्यक्रम इस तरह तय किए हैं कि यह एमवीए के प्रभावी रूप से सरकार बनाने के अवसर को सीमित कर देता है।'' शिवसेना (यूबीटी) नेता ने यह भी कहा कि मतगणना 23 नवंबर को होगी, जिसका मतलब है कि एमवीए के घटक दलों - शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और अन्य छोटे दलों के पास सरकार बनाने के लिए केवल 48 घंटे होंगे। उन्होंने कहा कि यह सही नहीं है।

राउत ने आरोप लगाया, ''निर्वाचन आयोग का यह कदम भाजपा प्रवक्ता के समान है। आयोग ईवीएम का समर्थन करता है, लेकिन जब हम हरियाणा चुनावों में इन मशीनों के साथ कथित छेड़छाड़ के बारे में कहते हैं तो यह चुप्पी साध लेता है। आयोग ने लोकसभा चुनावों के दौरान धन के दुरुपयोग की शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं थी।'' राउत ने दावा किया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य के चुनावों की घोषणा से ठीक पहले लगभग 200 विधानसभा क्षेत्रों में 15 करोड़ रुपये वितरित करने का फैसला किया और यह सरकार का धन था।

## लोरेंस बिश्नोई एक आतंकवादी है और उसका एन्टाउंटर किया जाना चाहिए : राज शेखावत

वडोदरा। करणी सेना के राष्ट्रीय प्रमुख राज शेखावत ने गैंगस्टर लोरेंस बिश्नोई को लेकर बड़ा बयान दिया है। राज शेखावत ने लोरेंस बिश्नोई को आतंकवादी बताते हुए उसका एन्काउंटर करने की मांग की। वडोदरा में आयोजित पत्रकार परिषद में राज शेखावत ने कहा कि जो डर पैदा हुआ है, उसका जिम्मेदार लोरेंस बिश्नोई हो या उसकी गैंग के आदमी, ऐसे लोगों को माफ नहीं किया जा सकता। एक गैंग का मुखिया जेल में बैठकर विदेशों से देश के व्यापारियों को फिरौती के परेशान करता है। राज शेखावत ने जनता से सवाल किया कि देश के बड़े राजनीतिक और सामाजिक नेताओं की हत्या करता, ऐसे गैंगस्टर का एन्काउंटर कर देना चाहिए या नहीं? उन्होंने कहा कि जब मैं सेना में था तब कश्मीर में 8 साल सेवा की है। उस वक्त हम आतंकियों का एन्काउंटर कर देते थे। जिसकी वजह कश्मीर आज सुरक्षित हुआ है। अब केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी है कि ऐसे तत्वों को उग्रवादी की श्रेणी में शामिल किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लॉरेंस के लोगों ने जान से मारने की धमकी दी है। इसके बाद हमारी करणी सेना की ओर से गृह मंत्री को ज्ञापन दिया गया। लेकिन लोकसभा के दौरान आंदोलन के कारण उन्होंने मेरी सुरक्षा रद्द कर दी। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लॉरेंस के लोगों ने जान से मारने की धमकी दी है। इसके बाद हमारी करणी सेना की ओर से गृह मंत्री को ज्ञापन दिया गया। लेकिन लोकसभा के दौरान आंदोलन के कारण उन्होंने मेरी सुरक्षा रद्द कर दी।



## बीआरएस नेता अपने फार्महाउस खोने के डर से हाइड्रा का विरोध कर रहे हैं: रेवंत रेड्डी



**मुंबई (एजेंसी)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता राज्य सरकार की नवगठित हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति संरक्षण एजेंसी (हाइड्रा) का विरोध कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि उनके फार्महाउस ध्वस्त कर दिए जाएंगे।

उन्होंने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह एजेंसी उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगी जिन्होंने जल निकायों और सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करके संरचनाएं बना ली हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने सरकारी अनुमति से अपने मकान बनाए हैं, उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग राज्य की प्रगति और रियल एस्टेट क्षेत्र को नुकसान पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया पर गलत सूचनाएं फैला रहे हैं।मुख्यमंत्री ने जानना चाहा कि क्या बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामा राव और पार्टी विधायक टी. हरीश राव अपने फार्महाउस की वैधता के सत्यापन की अनुमति देंगे। उन्होंने इस उद्देश्य के लिए एक तथ्य-अन्वेषण समिति गठित करने का भी सुझाव दिया।उन्होंने कहा, ''उन्हें (बीआरएस नेताओं को) डर है कि उनके फार्महाउस को ध्वस्त कर दिया जाएगा। इसीलिए वे एजेंसी का विरोध कर रहे हैं। अगर आपने जल निकायों पर अवैध कब्जा नहीं किया है और सरकारी आदेश का उल्लंघन नहीं किया है तो आपको डरने की क्या जरूरत है।

# यूपी उपचुनाव में बीजेपी को हराने सपा प्रत्याशियों का करेगी समर्थन कांग्रेस



**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। इस उपचुनाव में कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी (सपा) को अपना समर्थन देने का फैसला लिया है। कांग्रेस ने पहले पांच सीटों की मांग की थी, लेकिन जब सपा से बात नहीं बनी तो कांग्रेस ने गाजियाबाद और खैर सीटों पर अपनी उम्मीदवारी पर विचार किया। हालांकि यहां भी स्थिति बदलने के बाद कांग्रेस ने अब उपचुनाव में सपा प्रत्याशियों का समर्थन करने का फैसला लिया है।

बता दें इंडिया गठबंधन के तहत सपा ने कांग्रेस के लिए गाजियाबाद और खैर सीट छोड़ दी थी, लेकिन दोनों ही सीटों पर बीजेपी का दबदबा है। गाजियाबाद में 2022 विधानसभा चुनाव में बीजेपी को 61.37 फीसदी वोट मिले थे, जबकि सपा को सिर्फ 18.25 फीसदी और कांग्रेस को महज 4.81 फीसदी वोट मिले थे।

इस परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस नेताओं का मानना है कि उपचुनाव में हारने से बेहतर है कि वे सपा को समर्थन दें, जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल बना रहे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक पार्टी ने लोकसभा चुनाव में 6 सीटें जीतकर अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया है और अब उसकी नजरें 2027 के विधानसभा चुनाव पर हैं। कांग्रेस नहीं चाहती कि उपचुनाव में हार से कार्यकर्ताओं का उत्साह कम हो और पार्टी के अंदर निराशा फैले।

कांग्रेस के इस फैसले के पीछे एक और कारण है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने भी कुर्बानी दी थी, जब उसने अपनी सीटें नहीं मांगी और गठबंधन के तहत बीजेपी को हराने के लिए अपना समर्थन दिया था। अब कांग्रेस भी उसी रास्ते पर है और सपा के प्रत्याशियों का समर्थन करके गठबंधन के सिद्धांतों को मजबूत कर रही है। यह फैसला कांग्रेस द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से लिया गया है ताकि गठबंधन के सहयोग से अपनी राजनीतिक स्थिति को बेहतर किया जा सके और आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी का मनोबल बना रहे।

# अधिक बच्चे वाले परिवारों को इन्सेंटिव देगी आंध्र प्रदेश सरकार



**हैदराबाद(एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश सरकार पॉपुलेशन मैनेजमेंट की योजना पर काम कर रही है। इसी वजह से राज्य के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने राज्य के निवासियों को अधिक बच्चे पैदा करने की सलाह दी है। नायडू ने प्रदेश में उम्रदराज लोगों की बढ़ती आबादी को देखते हुए यह सलाह दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पॉपुलेशन मैनेजमेंट की योजना बना रही है। इसके तहत विधेयक लाने के बारे में भी सोचा जा रहा है, जिसमें अधिक बच्चे वाले परिवारों को इन्सेंटिव दिया जाएगा। सिर्फ इतना ही नहीं, एक ऐसा कानून बनाने पर भी विचार चल रहा है, जिसके तहत सिर्फ वही लोग स्थानीय निकाय चुनाव लड़ पाएंगे, जिनके दो से अधिक बच्चे हैं।

मुख्यमंत्री ने दक्षिणी राज्यों में गिरती प्रजनन दर पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यहां फर्टिलिटी रेट 1.6 परसेंट है जो राष्ट्रीय दर 2.1 से काफी कम है। अगर यही हाल रहा तो हमारे यहां 2047 तक बुजुर्गों की आबादी काफी ज्यादा हो जाएगी। उन्होंने कहाकि आंध्र प्रदेश ही नहीं, देश के कई गांवों में अब सिर्फ बुजुर्ग ही बचे हैं। नायडू ने जनसंख्या नियंत्रण पर अपने पहले के प्रयासों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहाकि तब हालात कुछ और थे। तेजी से बढ़ती आबादी के चलते प्राकृतिक संसाधन खतरे में थे। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं।

चंद्रबाबू नायडू ने कहाकि पहले हमने ऐसा कानून बनाया था जिसमें अधिक बच्चे वाले लोग चुनाव नहीं लड़ सकते थे। लेकिन अब हमने उस कानून को खत्म कर दिया है और इसे रिवर्स करने की सोच रहे हैं। अधिक बच्चों वाले परिवारों को सरकार अधिक सुविधाएं देने के बारे में विचार कर रही है। नायडू ने कहाकि वैसे तो हमारे पास 2047 तक डेमोग्राफिक एडवांटेज है। लेकिन दक्षिणी राज्यों खासकर आंध्र प्रदेश में बढ़ती उम्र वालों की आबादी चिंता में डालने वाली बात है। उन्होंने कहाकि जापान, चीन समेत कुछ यूरोपीय देश भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। दक्षिण भारत में यह समस्या इसलिए हो रही है क्योंकि युवा लोग देश के दूसरे हिस्सों में या फिर विदेश चले जा रहे हैं।

# जनता की अदालत का मतलब यह नहीं कि संसद में विपक्ष बन जाए: सीजेआई



**पणजी(एजेंसी)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका 'जनता की अदालत' के रूप में बनाए रखना चाहिए। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सर्वोच्च न्यायालय को संसद में विपक्ष की भूमिका निभानी पड़े। दक्षिण गोवा में सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय कानूनी सम्मेलन में बोलते हुए उन्हें ये बातें कही हैं। न्यायामूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि जब समाज बढ़ता है समृद्ध और संपन्न होता है, तो ऐसी धारणा बनती है कि आपको केवल बड़ी-बड़ी चीजों पर ही ध्यान देना चाहिए। हमारा न्यायालय ऐसा नहीं है। हमारा न्यायालय जनता की अदालत है और मुझे लगता है कि लोगों की अदालत के रूप में शीर्ष न्यायालय की भूमिका को भविष्य के लिए संरक्षित रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''अब, जनता की अदालत होने का मतलब यह नहीं है कि हम संसद में विपक्ष की भूमिका निभाएं।''

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'मुझे लगता है, विशेष रूप से आज के समय में, उन लोगों के बीच एक बड़ा विभाजन है जो सोचते हैं कि जब आप उनके पक्ष में निर्णय देते हैं तो उच्चतम न्यायालय एक अद्भुत संस्था है, और जब आप उनके खिलाफ निर्णय देते हैं तो यह एक ऐसी संस्था है जो बदनाम है।' न्यायमूर्ति ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है क्योंकि आप परिणामों के परिप्रेक्ष्य से शीर्ष न्यायालय की भूमिका या उसके काम को नहीं देख सकते हैं। व्यक्तिगत मामलों का नतीजा आपके पक्ष में या आपके खिलाफ हो सकता है। न्यायाधीशों को मामला-दर-मामला आधार पर स्वतंत्रता की भावना के साथ निर्णय लेने का अधिकार है।÷ उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति को कानूनी सिद्धांत की असंगतता या त्रुटि के लिए न्यायालय की आलोचना करने का अधिकार है।प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'मैं आश्वस्त हूं कि न्यायाधीशों को इससे कोई परेशानी नहीं है, लेकिन समस्या तब होती है जब वही लोग देखते हैं कि अदालत एक विशेष दिशा में जा रही है और वे सभी इसकी आलोचना करने को तत्पर हो जाते हैं क्योंकि परिणाम आपके खिलाफ गया है।''

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, उग्रवादियों ने पुलिस स्टेशन पर किया हमला

इंफाल। मणिपुर के जिरीबाम जिले में उग्रवादियों ने एक बार फिर हिंसक हमला किया है। बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन पर उग्रवादियों ने गोलियां चलाई और बम फेंके। यह घटना असम सीमा के पास स्थित एक स्कूल को जलाए जाने के एक दिन बाद शनिवार सुबह हुई। उग्रवादियों ने अल सुबह पुलिस थाने पर अंधाधुंध फायरिंग की और हथियार लूट ले गए, जिसका सुरक्षाबलों ने तुरंत जवाब भी दिया। हालांकि, इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस के अनुसार, उग्रवादियों ने आधुनिक हथियारों से हमला किया और बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन के तहत आने वाले एक गांव को निशाना बनाया। इस दौरान सीआरपीएफ और पुलिसकर्मियों ने भी भारी गोलीबारी की। घटना के बाद इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं और बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा रहा है। इस घटना को लेकर मणिपुर के पुलिस महानिदेशक राजीव सिंह ने कहा कि पुलिस सुरक्षा बलों से लूटे गए हथियारों को बरामद करने के प्रयास कर रही है।

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 अक्टूबर को गुजरात दौरे पर आएंगे

अहमदाबाद। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह दिवाली से पहले गुजरात दौरे पर आ रहे हैं। 22 अक्टूबर की सुबह अमित शाह गुजरात आएंगे और आणंद के मेहमान बनेंगे। इसके अलावा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 31 अक्टूबर को साळंगपुर हनुमानजी मंदिर में होने वाले मारुति यज्ञ में भाग लेंगे। जानकारी के मुताबिक अमित शाह 22 अक्टूबर को वह आणंद के मेहमान होंगे और एनडीडीबी के डायमंड जुबली समारोह के साथ-साथ अमूल के संस्थापक त्रिभुवनदास पटेल की जयंती में भी शामिल होंगे। आपको बता दें कि 22 अक्टूबर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का जन्मदिन भी है। अपने जन्मदिन पर गृह मंत्री एनडीडीबी के अतिथि होंगे। एनडीडीबी के डायमंड जुबली समारोह में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, गृह राज्यमंत्री हर्ष सांघवी, मंत्री जगदीश विश्वकर्मा समेत अन्य मंत्री, नेता और नेता भी मौजूद रहेंगे।

# एक तीर से दो शिकार करना चाहता था भारत: कनाडाई उच्चायुक्त

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कनाडाई उच्चायुक्त ने भारत के खिलाफ जहर उगला है। कनाडा के उच्चायुक्त कैमरॉन मैके ने कहा कि भारत एक तीर से दो शिकार करना चाहता था लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पाया। भारत एक साथ कनाडा, उत्तर अमेरिका और यूएसए में निशाना साध रहा था। वहीं निज्जर की हत्या और खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश एक ही प्लॉट का हिस्सा हैं। बता दें कि कैमरॉन अब भी भारत में उच्चायुक्त के पद पर हैं।

मैके ने कनाडा के सरकारी एजेंसी को शनिवार को बताया, जिस तरह के अमेरिका ने भारत पर आरोप लगाए हैं उससे पता चलता है कि नई दिल्ली से ही एक ही प्लॉट के तहत निज्जर और पन्नू की हत्या की साजिश की गई थी। ऐसे में कनाडा और अमेरिका के सबूतों को एक साथ रखा जा सकता है। इससे पता चल जाएगा कि बीते एक साल से क्या चल रहा है। मैके ने कहा कि भारत ने बड़ी रणनीतिक भूल कर दी है। वह सोचता है कि कुछ एजेंट उत्तर अमेरिका में हिंसा करेंगे और फिर बच जाएंगे। मैं कनाडा और अमेरिका दोनों की बात कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि रेड लाइन भारत ने क्रॉस कर दी है।बता दें कि अमेरिका ने आरोप लगाया था कि रॉ के लिए काम करने वाले विकास यादव ने पन्नू की हत्या की साजिश रची थी। एफबीआई ने उन्हें मोस्ट वॉन्टेड लिस्ट में रखा है। वहीं इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी रिपोर्ट में यह भी बताया है कि विकास यादव पहले ही रॉ से अलग हो चुके हैं। वहीं किडनैपिंग और उगाही के आरोप में उन्हें दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था।

पहली बार ऐसा हुआ है कि कनाडा के किसी राजनयिक ने इस तरह के आरोप भारत पर लगाए हैं। बता दें कि बीते साल जून में कनाडा में ही खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की कुछ अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी। वहीं अमेरिका में गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप अमेरिका ने भारत पर लगाया है। भारत ने इन सभी आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताकर खारिज कर दिए हैं।बता दें कि मैके के उप उच्चायुक्त स्टेवार्ट व्हीलर का भी नाम उन राजनयिकों में शामिल है जिन्हें भारत से निष्कासित किया गया है। वहीं नई दिल्ली ने अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को कनाडा से वापस बुला लिया है। कनाडा की सरकार ने उन्हें निष्कासित करने की बात कही थी। भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा भी कनाडा छोड़ चुके हैं।







# फिल्म मेंकिंग में चमकता भविष्य

**सिनेमा को इस समय की उत्कृष्ट कलाओं में शुमार किया जाता है। इसका प्रभाव क्षेत्र बहुत विशाल है। आज सिनेमा सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव के वाहक के रूप में अपनी भूमिका का निर्वाह कर रहा है। इसके पास लोगों को बदलने की जबरदस्त ताकत होती है।**

फिल्म मेकिंग एक चित्र द्वारा कहानी कहने की कला है। फिल्म मेकिंग में अक्सर देखा जाता है बिना प्रशिक्षण के भी लोग बेहतर काम कर रहे हैं। टाइटैनिक जैसी महान फिल्म बनाने वाले जेम्स कैमरून कभी फिल्म स्कूल में नहीं गए। भारत में आजकल के फिल्म निर्देशकों में इम्तियाज अली ने फिल्म बनाने का कोई प्रशिक्षण नहीं लिया, पेशे से वे एक फैशन डिजाइनर थे। मधुर भंडारकर वीडियो लाइब्रेरी चलाते थे। बोमन ईरानी ने अभिनय का कोई प्रशिक्षण नहीं लिया। वह चेन्नई में एक फोटोग्राफर थे। 42 साल की उम्र में उन्होंने अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की थी। फिल्म बनाना एक कला है। इसका प्रशिक्षण अगर आपके पास है तो आपका तकनीकी पक्ष बहुत मजबूत हो सकता है। लेकिन कहानी को मजेदार ढंग से सुनाना, यह आपको कोई नहीं सिखा सकता। कॅरियर के लिहाज से फिल्मी दुनिया में काफी संभावनाएं मौजूद हैं।

## क्या है फिल्म मेकिंग

एक कैमरा होता है, जिससे फिल्म शूट होती हैं। फिल्म मेकिंग में क्रिरप्ट होती है, चरित्र होते हैं, एक कहानी होती है, हर कहानी की एक भाषा होती है, फिल्म का अपना देश-काल होता है, दृश्य होते हैं, ध्वनियों का दृश्यों के साथ मिलान होता है, स्पेशल इफेक्ट्स होते हैं और गीत-संगीत होता है। फिल्मों में क्रिएटिविटी और टेक्नोलॉजी का अनोखा मेल होता है। आज फिल्मों में नई-नई तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा है। आज की इंडस्ट्री में फिल्मों के कई प्रकार हैं, जैसे डिजिटल फिल्म, 3डी फिल्म आदि। हर एक फिल्म को रिलीज होने से पहले उसे परखा जाता है। इसके बाद दर्शक उसका फीडबैक देते हैं। फिल्मों के साथ एक खास बात होती है, संचार के विभिन्न माध्यमों की तरह फीडबैक हमेशा फिल्म की गुणवत्ता को तय नहीं करता है।

## योग्यता

फिल्म मेकिंग में ज्यादातर पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स पढ़ाए जाते हैं। बैचलर स्तर पर भी कई संस्थान कोर्स कराते हैं। बैचलर कोर्स में दाखिला लेने के लिए न्यूनतम योग्यता बारहवीं है। वहीं, पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत अंकों के साथ ग्रेजुएट की डिग्री होना जरूरी है। साउंड एडिटिंग और कुछ अन्य तकनीकी कोर्सों में दाखिले के लिए साइंस बैकग्राउंड से ग्रेजुएट होना चाहिए।

## आय

इस क्षेत्र में अलग अलग काम के लिए अलग- अलग वेतन मिलता है। शुरुआती स्तर पर फिल्म से जुड़े किसी भी काम में वेतन 15 से 20 हजार रुपये होता है। इस क्षेत्र में एक बार अगर यदि आप स्थापित हो गए, तो फिर आय की कोई सीमा नहीं रहती।






### उपलब्ध कोर्स

- पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन सिनेमा
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डायरेक्शन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन सिनेमेटोग्राफी
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन साउंड रिकार्डिंग एंड साउंड डिजाइन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन एडिटिंग
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन आर्ट डायरेक्शन एंड प्रोडक्शन डिजाइन
- सर्टिफिकेट कोर्स इन स्क्रीनप्ले राइटिंग
- डिप्लोमा इन वीडियो प्रोडक्शन
- बैचलर ऑफ फिल्म टेक्नोलॉजी आदि

### उपलब्ध संस्थान

- फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई), पुणे
- सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता
- व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल, मुंबई
- एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन, नोएडा
- एसआरएम शिवाजी गणेशन फिल्म इंस्टीट्यूट, चेन्नई
- जी इंस्टीट्यूट ऑफ मीडिया आर्ट्स, मुंबई

## यहां हैं अवसर

### स्क्रीनप्ले

स्क्रीनप्ले आइडिया और कहानी के विकास के बाद का चरण है। इसके आधार पर फिल्म का फिल्मांकन किया जाता है। पटकथा लेखक/निर्देशक द्वारा कहानी की पटकथा तैयार की जाती है। दरअसल पटकथा एक नहीं, अनेक होती हैं जिसमें कैमरा पर्सन और अभिनेताओं समेत सभी जरूरी लोगों के लिए आवश्यकता के अनुरूप पटकथाएं तैयार की जाती हैं। बॉलीवुड में पटकथा लिखने के बजाए या फिर उस पर हू-ब-हू चलाने के बजाय वह लगातार बदलती रहती है। पटकथा की तैयारी के साथ-साथ डॉयलाग राइटर का आगमन होता है तथा निर्देशक की सलाह से दृश्यों का ध्वनि का मिलान करना तथा इससे जरूरी काट-छांट संभव हो पाता है। पटकथा में स्पेसिफिक्स यानी समय, लोकेशंस और सिचुएशन की सूचना अंग्रेजी में लिखी जाती है।

### निर्देशन

फिल्मों में निर्देशन करना एक मल्टीटास्किंग काम है। फिल्म की पटकथा से लेकर संवादों की प्रस्तुति और कैमरे के संयोजन तक का काम एक निर्देशक को करना होता है। बॉलीवुड में पटकथा लेखन, संवाद लेखन और निर्देशन एक व्यक्ति द्वारा ही करने का चलन है। फिल्म निर्देशन में कॅरियर बनाने के लिए डिग्री के साथ फिल्मों की सभी विधा में कौशल हासिल करना होता है।

### सिनेमेटोग्राफी

फिल्म के शॉट से जुड़ा हुआ काम सिनेमेटोग्राफी कहलाता है। सिनेमेटोग्राफी में मौलिक रूप से तीन शॉट और दो मूवमेंट होते हैं। शॉट क्लोज अप, मिड और लॉन्ग होता है, जबकि मूवमेंट पैन और टिल्ट। ये शॉट और मूवमेंट फिल्म का व्याकरण होते हैं। अर्थ को पैदा करने में इनकी गहरी भूमिका होती है। सिनेमेटोग्राफर का प्रोफेशनल कोर्स एफटीआईआई समेत कई प्रतिष्ठित संस्थानों में कराया जाता है। वहां से डिग्री लेकर आप अपने कॅरियर को एक नया मुकाम दे सकते हैं।

### संगीत

संगीत में विभिन्न प्रकार के लोगों का संयोजन होता है। फिल्म संगीत में गीतकार, संगीतकार या संगीत निर्देशक, गायक, रिर्कांडिस्ट (साउंड मैनेजर), साउंड एडिटर की मुख्य भूमिका होती है। इन सभी के बेहतर संयोजन से गाना बनता है। पहले संगीतकार या संगीत निर्देशक आर्केस्ट्रा के साथ गायक को रिकॉर्ड करते थे, लेकिन अब यह प्रक्रिया पूरी तरह बदल चुकी है। अब गायक रॉ सांग (कच्चा गाना) गा देते हैं, संगीत रिर्कांडिस्ट, संगीतकार/ संगीत निर्देशक और साउंड एडिटर मिलकर गाने को कंपोज करते हैं। इस क्षेत्र में क्रिएटिव और मल्टीटैलेंटेड लोगों की काफी मांग है।

### कोरियोग्राफी

कोरियोग्राफी का बॉलीवुड फिल्मों में विशेष महत्व है। पारंपरिक तौर विभिन्न प्रकार के शास्त्रीय नृत्य में निपुण लोग फिल्मों के कोरियोग्राफर होते थे लेकिन फिल्मों में पाश्चात्य नृत्य कला, एरोबिक आदि के आने के बाद इसके स्वरूप में विस्तार हुआ है। आजकल विभिन्न प्रकार की नृत्य शैलियों का एक साथ संयोजन करने वाले कलाकार इसमें सफल हो रहे हैं। इस क्षेत्र में हमेशा कुछ नया करने की चुनौती बनी रहती है।

### वीडियो एडिटिंग

वीडियो एडिटिंग मल्टीमीडिया से जुड़ा काम है । आजकल साइंस फिक्शन फिल्मों, कार्टून फिल्में का चलन बढ़ा है। इसने वीडियो एडिटिंग में ग्रफिक डिजाइनिंग, कार्टूनिस्ट, आर्ट डायरेक्शन जैसे पहलुओं को जोड़ने का काम किया है। अब तो बिना कास्ट के कार्टून के सहारे फिल्मों को बनाने का भी प्रचलन बढ़ा है। इस क्षेत्र में भी मल्टीटैलेंटेड और क्रिएटिव लोगों की काफी मांग है। मल्टीमीडिया और वीडियो एडिटिंग में प्रशिक्षण लेकर आप इस क्षेत्र में अपना कॅरियर बना सकते हैं।

### बैकग्राउंड साउंड

बैकग्राउंड साउंड और डबिंग बैकग्राउंड स्कोर के ही हिस्से हैं। फिल्मों के प्रोमो में कई बार बैकग्राउंड स्कोर दिखता है। यह विशुद्ध रूप से फिल्म एडिटिंग का हिस्सा होता है। पार्श्व ध्वनियों, संवादों और विभिन्न प्रकार के ध्वनि प्रभावों को जोड़ने का काम डबिंग कहलाता है। संवादों को डब अभिनेता अभिनेत्री या वॉइस ओवर आर्टिस्ट से कराया जाता है। डबिंग और बैकग्राउंड स्कोर के बाद फिल्म का जो प्रिंट तैयार होता है, उसे मैरिड प्रिंट कहा जाता है। फिल्मों में बैंकग्राउंड स्कोरर, डबिंग या वॉइस ओवर आर्टिस्ट के रूप में आप रोजगार पा सकते हैं।

### वितरण और प्रमोशन

भारत में फिल्में बिना देखे ही बिकती हैं। ऐसा दुनिया भर की किसी इंडस्ट्री में नहीं होता है। फिल्मों की बिक्री सिनोप्सिस और कास्टिंग के आधार पर होती है । फिल्म फाइनेंसर (प्रोड्यूसर) और वितरक इन उपरोक्त बातों पर विचार करने के बाद तय करते हैं कि फिल्म में कितने गीत दृश्य होंगे। इन दोनों की भूमिका कई बार निर्देशक की परिकल्पना को भी प्रभावित करने लगती है। अभिनेताओं के चयन में हेर-फेर भी इनके चलते कई बार करना पड़ता है। फिल्मों के निर्माण के बाद दूसरा बड़ा खर्च इनके प्रमोशन पर होता है। फिल्मों का प्रमोशन एक प्रकार से फिल्मों का विज्ञापन होता है। प्रमोशन के लिए विज्ञापित होने वाले विज्ञापन को फिल्म का प्रोमो कहा जाता है। वितरण और प्रमोशन के काम के लिए बहुत पैसों का जरूरत होती है। साथ ही इस काम में रिस्क भी बहुत होता है। यह एक तरह व्यवसाय है। अगर आपको फिल्मों के अर्थशास्त्र की बेहतर समझ है तो फिल्म स्ट्रेटजिस्ट, काउंसलर, एनालिस्ट के रूप में कॅरियर बना सकते हैं।

### फिल्म समीक्षा

समीक्षा में सबसे पहले फिल्म की कहानी को संक्षेप मे बताया जाता है। इससे दर्शक की फिल्म संबंधी मूल जिज्ञासा शांत होती है। यह कुछ उसी तरह है, जैसे आप किसी अजनबी से पहली बार मिलने पर नाम पूछने के बाद ही उसे बात शुरू करते हैं। फिल्मों को बनाने में तकनीक और कल्पना का योग रहता है। फिल्म समीक्षा में फिल्म की निर्माण संबंधी जानकारी दी जाती है। फिल्म समीक्षक के रूप में आपको प्रोडक्शन कंपनी, मीडिया संस्थानों में नौकरी मिल सकती है।

**अगर आप भी तकनीकी जगत में काफी सोशल हों और सोशल मीडिया के प्रति आपका लगाव जबरदस्त हो तो आप इस क्षेत्र में कॅरियर संवार सकते हैं। कंपनियां आज 'सोशल मीडिया स्पेशलिस्ट' हायर कर रही हैं, जो सोशल साइट पर प्रोडक्ट की लॉन्चिंग, कंज्यूमर के साथ कम्यूनिकेट और रिसर्च जैसा काम कर सके।**

# सोशल मीडिया के जुनून को बनाएं अपना भविष्य




आज विश्व की कुल जनसंख्या के लगभग 50 प्रतिशत लोग 30 साल से कम उम्र के हैं, जिनमें से अधिकांश प्रतिदिन अपना कीमती वक्त सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर बिताते हैं।

## लिंक्डइन है विकल्प

लिंक्डइन पर मौजूद 50 लाख से ज्यादा यूजर ने अपने प्रोफाइल में खुद को सोशल मीडिया का एक्सपर्ट बताया है, जबकि 2010 से अब तक सोशल मीडिया से जुड़े जॉब में जबरदस्त वृद्धि हुई है। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि इस दिशा में कॅरियर और जॉब्स की कितनी संभावनाएं हैं।

## कौन होता है सोशल मीडिया मैनेजर

एक सोशल मीडिया मैनेजर टू वे कम्युनिकेशन का काम करता है। वह इसके लिए सही चैनल तलाशता है, फिर अपने प्रोडक्ट को अर्थपूर्ण योजना के साथ लोगों के सामने पेश करता है। सोशल मीडिया मैनेजर न्यू मीडिया के तहत आता है। यह वेब जर्नलिज्म से ही जुड़ा है। सोशल मीडिया मैनेजर का काम कम शब्दों में प्रभावी ढंग से किसी ब्रांड को प्रस्तुत कर इंटरनेट यूजर को ब्रांड वैल्यू के प्रति आकर्षित करना है। बात इतने पर ही खत्म नहीं हो जाती। सोशल मीडिया मैनेजर ब्रांड के क्राइसिस सॉल्यूशन को भी बेहतर ढंग से सुलझाने में मददगार है यानी सोशल मीडिया मैनेजर का काम कस्टमर एवं क्लाइंट के बीच बेहतर संपर्क स्थापित करना है।

## सोशल मीडिया स्ट्रेटेजिस्ट

इसका काम सोशल मीडिया के उस प्रोग्राम का इस्तेमाल करना है, जिसके माध्यम से मार्केटिंग कैंपेन को ज्यादा प्रभावी बनाया जा सके। इसका काम वेबसाइट ट्रैफिक को भी मॉनीटर करना होता है ताकि वह सोशल मीडिया कैंपेन की सफलता को देख सके। इसके अलावा कंपनी का सोशल मीडिया अकाउंट भी इसी को हैंडिल करना होता है।

## सोशल मीडिया सेल्स रिप्रेजेंटेटिव

इसका काम तमाम क्लाइंट्स को इस बात के लिए तैयार करना कि वो अपने प्रोडक्ट का प्रमोशन और विज्ञापन सोशल मीडिया के माध्यम से करें। इसका अर्थ ये हुआ कि सोशल मीडिया मार्केटिंग के बिजनेस से जुड़ी कंपनियों में इनकी आवश्यकता होती है। यही उनके लिए रेवेन्यू लाने का काम करते हैं। इनको अपने क्लाइंट्स को इस बात के लिए भी राजी करना होता है कि सोशल मीडिया पर मार्केटिंग और विज्ञापन करने से उनकी बिक्री में कितना असर पड़ा या कितने लोगों ने उनके ब्रांड को सोशल मीडिया के प्रमोशन से पहचाना है।

## बनें तकनीक फ्रेंड्ली

देश-दुनिया में अभी सोशल मीडिया के क्षेत्र में तीन तरह की नौकरियां मिलती हैं। इन तीनों ही तरह की नौकरियों के लिए आपमें अलग तरह की योग्यता और खास क्षमताएं होनी जरूरी हैं। खासतौर पर आप फेसबुक और ट्विटर जैसी साइट पर अच्छे से काम कर सकते हों ताकि जिस कंपनी के लिए काम करने जाएं वहां की ब्रॉन्ड प्रमोशन, प्रोडक्ट लांच आदि काम को अच्छे से कर सकें। चूंकि यह क्षेत्र काफी नया है, इसलिए इससे संबंधित पढ़ाई बहुत कम संस्थान ही करा रहे हैं। आइए जानते हैं किस पोस्ट के हिसाब से क्या शैक्षिक योग्यता जरूरी है।

## कोर्स भी चला रहे संस्थान

सोशल मीडिया के क्षेत्र में नौकरियों की बढ़ती मांग को देखते हुए बहुत से संस्थानों ने इसके लिए बाकायदा अलग से कोर्स भी शुरू किए हैं। हाल में इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने वैट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर इंडिया का पहला सोशल मीडिया कोर्स शुरू किया है। किसी भी सोशल नेटवर्किंग साइट पर किसी ब्रांड की प्रस्तुति सोशल मीडिया यूजर के दिमाग पर पॉजिटिव एवं नेगेटिव, दोनों ही प्रभाव छोड़ सकती है। ऐसे में किसी ब्रांड के पॉजिटिव प्रभाव के लिए सही प्रस्तुति अहम होती है, जिसे सही तरीके से उस साइट पर एक निपुण व अनुभवी सोशल मीडिया मैनेजर ही प्रस्तुत कर सकता है।

## आईआईएम और आईएसबी भी हैं

मार्केट में सोशल मीडिया स्पेशलिस्ट की बढ़ती डिमांड को देखते हुए ही आईआईएम और आईएसबी जैसे बिजनेस स्कूल सोशल मीडिया पर कोर्स तैयार कर रही है। वहीं एनआईआईटी एम्पेरिया ने सोशल मीडिया मार्केटिंग पर एडवांस्ड प्रोग्राम की शुरुआत की है।

## आपको तलाशता है ब्रांड

फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब जैसी सोशल नेटवर्किंग साइट्स का नाम हर किसी के जेहन में रहता है। इसके अलावा लिंक्डइन को व्यावसायिक दृष्टि से बेहतर माना जाता है। आप इनमें से किसी भी साइट पर जाएंगे तो अधिकांश ब्रांड दिख जाएंगे। सोशल साइट्स पर कंपनियां एवं ब्रांड्स इन ब्रांड्स का प्रभावी एवं औपचारिक तरीकों से जिस तरह प्रमोशन कर रही हैं, उनके पीछे सोशल मीडिया मैनेजर का ही सबसे अहम रोल होता है।

## कहां-कहां नौकरी के लिए हैं मौके

सोशल मीडिया का इस्तेमाल जिस तेजी से बढ़ा है, उसी तेजी से इसके विशेषज्ञों की मांग भी बढ़ रही है। कई ऐसे नए कॅरियर विकसित हो गए हैं, जिनसे बड़े स्तर पर लोग अभी भी अनजान हैं। सोशल मीडिया में विशेषज्ञता रखने वाले कर्मियों के लिए गूगल, फेसबुक, लिंक्डइन व ट्विटर के अलावा विभिन्न मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों और आईटी क्षेत्र में काम करने के अच्छे मौके हैं।



# आदित्य रॉय कपूर ने रिलेशनशिप को लेकर किया खुलासा

**बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर अपनी फिल्मों के लिए कम लेकिन अपने रिलेशनशिप को लेकर लगातार चर्चा में बने रहते हैं। हाल ही में आदित्य बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर के टॉक शो व्हाट वीमेन वांट में रिलेशनशिप को लेकर कई खुलासे किए।**

आदित्य का कथित तौर पर इस साल की शुरुआत में अनन्या पांडे से ब्रेकअप हो गया था। फिल्म आशिकी में उनकी भूमिका सभी को पसंद आई। हालांकि, इस फिल्म में उनके द्वारा निभाए गए परेशान आशिक के किरदार से वह खुद को संबंधित नहीं मानते।

जब शो के दौरान करीना ने पूछा कि आपकी तीन सबसे पसंदीदा खूबियां क्या हैं?, तो आदित्य ने बिना कोई देरी के कहा, मैं बहुत हैंडसम हूं, मैं आकर्षक हूं। इसके बाद करीना ने आदित्य ने पूछा कि बहुत सी महिलाएं आपके रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में जानना चाहती हैं। इस पर आदित्य ने कहा, क्या चिल करना भी कोई स्टेटस है? आगे आदित्य ने कहा, मैं चिलर हूं।

आदित्य रॉय कपूर ने अपने करियर के बारे में बात करते हुए कहा, एक फिल्म जिसने मेरे करियर की दिशा बदल दी, वह थी आशिकी। ऐसा नहीं है कि मैं उस किरदार से इसलिए जुड़ा क्योंकि वह एक शराबी था। करीना ने आदित्य से पूछा कि वह रिश्ते में घोस्टिंग से कैसे निपटते हैं। आदित्य ने कहा कि वह उस शख्स को ब्लॉक करना पसंद करते हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अनन्या और आदित्य करीब दो साल तक साथ रहने के बाद कुछ समय पहले अलग हो चुके हैं। 2022 में, अनन्या और आदित्य के रिलेशनशिप में होने की खबरें हर जगह फैली हुई थीं, जिसने हर किसी का ध्यान अपनी ओर आर्कषित किया।



# अपनी छवि को पीआर की बनावट कहने पर बोलीं सारा

सारा अली खान हिंदी फिल्मों की जानी-पहचानी अभिनेत्री हैं। वह इंडस्ट्री की उन चुनिंदा स्टार किड्स में से हैं, जो अक्सर चर्चा में रहती हैं। उन्होंने कुछ फिल्मों में अपने अभिनय के लिए वाह-वाही भी बटोरी है। सारा ने साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म केदारनाथ से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद से अब तक अपने छह साल के अभिनय करियर में वह फिल्मों के अलावा उनके मस्तीभरे व्यवहार और फैशन सेंस की वजह से भी उन्होंने काफी चर्चा बटोरी है। उनकी एक खास छवि बनी है, जिसे लेकर कई बार कहा जाता है कि ये उनकी पीआर टीम के द्वारा बनाई गई है।

सारा, बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और मशहूर अभिनेत्री अमृता सिंह की बेटी हैं। इस वजह से कई बार वो ट्रोलर्स के निशाने पर भी होती हैं, जो उन्हें नेपोटिज्म को लेकर ट्रोल करते हैं। हालांकि, हार्पर बाजार से बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने खुद का बचाव करते हुए अपनी छवि को लेकर कही जा रही बातों पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी छवि कुछ भी हो सकती है, लेकिन ये पीआर द्वारा बनाई गई नहीं है।

इस बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि क्या ये एक सोचा-समझा फैसला था कि उन्हें काफी समान दिखाया जाए। इस पर जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा कि उन्होंने अपनी खास तरह की छवि बनाने की कोई कोशिश नहीं की है। अभिनेत्री ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने कुछ लोगों की निराशा के लिए, खुद की छवि बनाने में कोई ऊर्जा खर्च की है। यह कुछ ऐसा है, जो मैं कैमरे के लिए करूंगी, जहां मैं किरदारों का निर्माण करती हूं। असल जिंदगी में मैं बस वही हूं, जो मैं हूं, फिर चाहे वो पांच जोड़ी शॉर्ट्स पहनकर जिम जाने वाली लड़की हो या एथलीजर पहनकर एयरपोर्ट जाने वाली।

सारा ने इस दौरान अपने बचपन को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि उनका और उनके भाई इब्राहिम अली खान का पालन-पोषण लोगों की अपेक्षा से अलग तरीके से हुआ। उन्होंने कहा कि मां अमृता के साथ उनका बचपन सामान्य जीवन की तरह गुजरा। अभिनेत्री ने कहा,हम वीडियो गेम खेलने या फूड कोर्ट में खाने के लिए मॉल जाते थे। यही वह जीवन है, जिसकी मैं बड़ी होकर आदी हो गई थी। आज, मैं अपने काम की सराहना करती हूं, लेकिन जब मैं काम नहीं कर रही होती हूं, तो जिम, कैफे, यात्रा करना पसंद करती हूं।मैं बस अपने व्यक्तित्व को बहुत गंभीरता से नहीं लेती और मैं वही करती हूं, जो मुझे अच्छा लगता है।

बता दें कि सारा आखिरी बार नेटफ्लिक्स की फिल्म मर्डर मुबारक और ऐ वतन मेरे वतन में नजर आई थीं। ऐ वतन मेरे वतन में उनके अभिनय को फैंस ने काफी पसंद भी किया। इन दिनों सारा अपनी आगामी फिल्म मेट्रो इन दिनों, स्काई फोर्स और ईगल को लेकर व्यस्त हैं।



# कुशाल टंडन ने की शिवांगी जोशी के साथ रिश्ते में होने की बात



अभिनेता कुशाल टंडन ने अभिनेत्री शिवांगी जोशी के साथ रिलेशनशिप को लेकर हामी भर दी है। शिवांगी और कुशाल टंडन को कई बार एक साथ देखा जाता था, लेकिन दोनों ने कभी अपने रिलेशन को लेकर हां नहीं की। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में कुशाल ने शिवांगी के साथ रिश्ते में होने की बात कंफर्म की है। कुशाल ने इंटरव्यू में कहा कि दोनों इस रिश्ते में धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे हैं।

### मां मुझे शादीशुदा देखना चाहती हैं

इंटरव्यू में कुशाल टंडन ने शिवांगी जोशी से शादी के बारे में पूछने के बाद ही इस बारे में बात की है। कुशाल ने कहा, मैं अभी शादी नहीं करूंगा लेकिन मैं प्यार में हूं। हम इस रिश्ते को बहुत ही धीरे-धीरे आगे ले जा रहे हैं। मेरी मां मुझे शादीशुदा देखना चाहती हैं, उनका बस चले तो मेरी आज ही शादी करवा दें।

### मेरे माता-पिता ने लड़की तलाश रोक दी

कुशाल टंडन ने अपनी शादी को लेकर कहा कि शादी कब होगी अभी कंफर्म नहीं है, लेकिन कभी भी कुछ भी हो सकता है। कुशाल ने कहा, और वैसे देखा जाए तो कुछ भी हो सकता है, कभी भी। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी लेडीलव मिल गई है, हमारा मैच बिल्कुल सही है। कुशाल टंडन ने कहा कि एक अच्छी लड़की की तलाश अब मेरे माता पिता की तरफ से रोक दी गई है।

### बरसातें धारावाहिक में किया था साथ में काम

शिवांगी जोशी को टीवी धारावाहिक बरसातें- मौसम प्यार का में साथ में देखा गया था। कुशाल और शिवांगी की जोड़ी को इस शो से काफी प्यार मिला था। शो बाद उनकी ऑफ स्क्रीन केमिस्ट्री ही काफी अच्छी रही। कुशाल को एक हजारों में मेरी बहना है में देखा गया था। शिवांगी जोशी को सबसे पहले ये रिश्ता क्या कहलाता है सीरियल में देखा गया था।

# दिनेश विजान की फिल्म में नजर आ सकते हैं सिद्धार्थ-कियारा

एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा और एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने साल 2023 की शुरुआत में शादी कर ली थी। दोनों ने इससे पहले साल 2021 में आई सुपरहिट फिल्म 'शेरशाह' में साथ काम किया था। इसके बाद वे किसी भी फिल्म में साथ नहीं दिखे। हालांकि अब लगता है कि यह जोड़ी एक बार फिर से पर्दे पर दिख सकती है। इस फिल्म को लेकर जानकारी सामने आई है।

फिल्म दिनेश विजान की प्रोडक्शन कंपनी मैडॉक फिल्म्स बनाने वाली है। ये वही कंपनी है, जिसने 'स्त्री 2' बनाई है, जिसने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपए से ज्यादा का बिजनेस कर लिया। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट की मानें तो सिद्धार्थ और कियारा ने इस फिल्म के लिए मैडॉक फिल्म्स के साथ बातचीत शुरू कर दी है। ये एक टिपिकल बॉलीवुड लव स्टोरी नहीं होगी। इस फिल्म में रोमांस के साथ फैंटेसी एलिमेंट्स का भी तड़का लगाया जाएगा, जो इसे बाकियों से अलग बनाएगा। हालांकि फिल्म के प्लॉट को लेकर कोई जानकारी नहीं मिली। मैडॉक ऑडियंस के लिए एक फ्रेश और इंटरेस्टिंग फिल्म बना रही है। 'शेरशाह' की बात करें तो विष्णुवर्धन के डायरेक्शन में बनी फिल्म कारगिल वॉर के हीरो भारतीय सेना अधिकारी कैप्टन विक्रम बत्रा पर बेस्ड थी। फिल्म करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी थी।







# 'अल्फा' की शूटिंग के लिए कश्मीर पहुंचीं आलिया भट्ट

आलिया भट्ट अभिनीत और यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की आगामी फिल्म 'अल्फा' बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। आलिया भट्ट इस एक्शन थ्रिलर में शरवरी के साथ मुख्य भूमिका में हैं। दोनों अभिनेत्रियां पिछले कुछ महीनों से इसकी शूटिंग कर रही हैं। हाल ही में फिल्म का नया शेड्यूल जारी हुआ और अभिनेत्री एक बार फिर कश्मीर लौटी हैं। कश्मीर से अभिनेत्री की कुछ अनदेखी तस्वीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों में आलिया अपनी प्राकृतिक सुंदरता बिखेरती हुई नजर आ रही हैं। 18 अक्टूबर, 2024 को, कश्मीर में आलिया भट्ट की मेजबानी करने वाले होटल ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेत्री की शानदार तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में आलिया नेवी ब्लू पैंट के साथ एक सफेद कार्डिगन पहने हुए दिखाई दे रही थीं, जिसके साथ उन्होंने गले में एक सफेद मफलर पहना हुआ था। उन्होंने बिना मेकअप के लुक अपनाया और एक हाथ में हैंडबैग पकड़े हुए अपने बालों को बन में स्टाइल किया है। तस्वीर में एक और व्यक्ति उन्हें एक एंटीक चीज भेंट करते हुए दिखाई दे रहा है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया है, 'आलिया भट्ट, आपकी मेजबानी करना खुशी की बात थी! आपकी उपस्थिति ने कश्मीर की सुंदरता में एक अतिरिक्त चमक ला दी। हम आपकी अगली यात्रा का इंतजार कर रहे हैं।'

अगस्त की शुरुआत में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ कश्मीर में शूटिंग कर रही थीं, जहां दोनों ने अपने इंस्टाग्राम पर एक दिल को छू लेने वाली तस्वीर शेयर की थी। वह दोनों एक नदी के पास एक खूबसूरत जगह पर कैमरे से दूर सर्दियों की जैकेट पहने हुए, एक-दूसरे को गले लगाते हुए नजर आई थीं। उन्होंने पोज देते हुए अपने हाथों से दिल का आकार बनाया। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, 'लव, अल्फा!' 'अल्फा' का निर्देशन शिव रवैल ने किया है और आदित्य चोपड़ा ने इसे प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान 25 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। वहीं, आलिया संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में भी नजर आएंगी।



# कार्तिक आर्यन की सफलता में इनकी है अहम भूमिका

कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म भूल भुलैया 3 को लेकर काफी चर्चा में हैं। उनके फैंस उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इंडस्ट्री में बाहर से आकर अपने लिए एक मुकाम बनाना किसी भी कलाकार का एक सपना होता है, जिसे कार्तिक ने अपनी मेहनत और लगन से पूरा किया है। हालांकि, कार्तिक ने अपनी इस सफलता में अहम भूमिका निभाने का श्रेय दो अन्य लोगों को दिया है। ये दो लोग कोई और नहीं हैं, बल्कि अभिनेता ने अपनी मां और अपनी बहन को अपनी सफलता में अहम भूमिका निभाने का श्रेय दिया है। कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 का जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। हाल में ही वह प्रमोशन के लिए इंदौर में थे, जहां अभिनेता से उनकी सफलता में अहम भूमिका निभाने वाले लोगों को लेकर सवाल पूछा गया है। इसके जवाब में कार्तिक ने बिना देरी करते हुए अपनी मां और बहन का नाम लिया। अभिनेता ने कहा,मेरे मामले में, यह मेरी मां और बहन हैं। इस बातचीत के दौरान भूल भुलैया 3 अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म को लेकर कई संकेत भी दिए, जिससे ये साफ होता है कि इस बार फिल्म काफी डरावनी और मजेदार होने वाली है। कार्तिक ने कहा, ऐसी कई चीजें हैं, जो इस किस्त को पिछले दो से अलग बनाती हैं। इस नए किस्त में, दर्शकों को और भी ज्यादा डरावनी चीजें देखने को मिलेंगी। दिग्गज अभिनेत्रियां विद्या बालन और माधुरी दीक्षित भी तीसरे भाग का हिस्सा होंगी - सिर्फ उनके नाम ही फिल्म में चार चांद लगा देते हैं। कार्तिक आर्यन ने इस बातचीत के दौरान अपनी फिल्मी सफर को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि उनका सफर काफी चढ़ाव-उतार वाला रहा। इस दौरान अभिनेता ने इस बात पर जोर दिया कि संघर्षों पर काबू पाना किसी के लिए भी अपना रास्ता बनाने के लिए काफी जरूरी है। उन्होंने अपनी पहली फिल्म, प्यार का पंचनामा से शुरु हुए अपने सफर को याद करते हुए कहा कि सोनू के टीटू की स्वीटी से उनके करियर में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया और फिर लोग उन्हें पहचानने लगे। अभिनेता ने इस दौरान आगे कहा कि इस फिल्म में भूल भुलैया 2 की भी कुछ चीजें शामिल की जाएंगी। हालांकि, उन्होंने साफ करते हुए कहा कि फिल्म की कहानी बिलकुल नई होने वाली है, जिसमें कई अप्रत्याशित मोड़ और उतार-चढ़ाव देखने को मिलने वाले हैं।

# मुन्नाभाई 3 लेकर आएंगे राजकुमार हिरानी

राजकुमार हिरानी की मुन्नाभाई फ्रेंचाइजी के प्रशंसक वर्षों से इसके तीसरे भाग की मांग कर रहे हैं। हिरानी और संजय दत्त दोनों ही अपनी अन्य व्यावसायिक प्रतिबद्धताओं को पूरी करने में व्यस्त हैं। हालांकि, हिरानी की इच्छा सूची में सबसे ऊपर मुन्नाभाई 3 का नाम है। राजकुमार हिरानी ने हाल ही में कहा कि उनके पास फिल्म की पांच आधी-अधूरी स्क्रिप्ट है। हिरानी ने कहा, मैंने एक स्क्रिप्ट पर छह महीने बिताए, इंटरवल तक पहुंचा, और यह उससे आगे नहीं बढ़ पाया। उन्होंने कहा, सबसे महत्वपूर्ण कारक यह है कि अगली किस्त पिछली फिल्मों से बेहतर होनी चाहिए।



# सेक्टर-11 में श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर-11 में विशाल भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

आज श्री गुरुदत्त गुप्ता एवं श्रीमती शशि गुप्ता एवं समस्त गुप्ता परिवार द्वारा सेक्टर-11 के एच-37 में विशाल भागवत कथा जो कि 21 अक्टूबर से 27 तक शाम 2 से 6 बजे तक होगी उसके लिए आज सेक्टर-11 में विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। श्री गुरु दत्त गुप्ता का कहना है कि ईश्वर निमित्त एक को बनता है लेकिन उसमें शामिल इलाके के लोग होते हैं।

इस दौरान पीयूष गुप्ता, ऋषभ ऋषि गुप्ता के नेतृत्व में यह यात्रा पूरे सेक्टर-11 का भ्रमण करके कथा स्थल पहुंची।

## चोरी की बाइक के साथ पकड़ा बदमाश

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-3 पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चाकू भी बरामद हुआ है। पकड़े गए बदमाश का एक साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पकड़े गए बदमाश ने वाहन चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम भूड़ा कट की पुलिया पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान शिव शक्ति एनक्लेव की तरफ से बाइक पर आ रहे दो युवकों को पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवारों ने भागने का प्रयास किया। हड़बड़ी में उनकी मोटरसाइकिल स्लिप हो गई। सड़क पर गिरे एक बदमाश को पुलिस ने दबोच लिया जबकि उसका दूसरा साथी फरार हो गया। पकड़े गए बदमाश की तलाशी लेने पर उस के पास से चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम सौरव कुमार निवासी कासगंज बताया। सौरभ कुमार ने अपने फरार साथी का नाम अमित बताया। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि उसके पास से बरामद हुई बाइक उसने 2 महीने पहले कुलेसरा से चोरी की थी। चोरी की इस बाइक पर सवार होकर वह वाहन चोरी की घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। थाना प्रभारी ने बताया कि फरार अमित की तलाश की जा रही है।

## जेएसएस कॉलेज से छात्रा का लैपटॉप चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** चोरों ने अलग-अलग स्थानों से चार लैपटॉप चोरी कर लिए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मूल रूप से बिहार के सिवान निवासी अतुल हर्ष ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह वर्तमान में सहदरा गांव में स्थित हरिओम पीजी में अपने साथी वत्सल नामदेव निवासी बिजनौर के साथ रह रहा है। वह दोनों वर्षा टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। 16 अक्टूबर की सुबह किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके कमरे से तीन लैपटॉप चोरी कर लिए। घटना के समय वह सोए हुए थे और उनके कमरे का दरवाजा खुला हुआ था पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर 142 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वहीं थाना सेक्टर-58 क्षेत्र में एक कॉलेज की छात्रा का लैपटॉप चोरी हो गया। खुशी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह जेएसएस नोएडा कॉलेज की लैटरल एंट्री सेकंड ईयर की छात्रा है। 23 सितंबर को वह कंप्यूटर इलेक्ट्रॉनिक लैब में सभी छात्रों के साथ गई थी। टीचर के कहे अनुसार सभी छात्र-छात्राओं ने अपने बैग कक्षा के बाहर रख दिए थे और लैब के भीतर चले गए। कुछ देर बाद जब वह लैब से वापस बाहर आई तो उसका बैग गायब था। बैग में लैपटॉप, चार्जर, मोबाइल चार्जर, पानी की बोतल, कॉलेज आई कार्ड आदि रखे हुए थे। उसने इसकी सूचना तुरंत कॉलेज की कोऑर्डिनेटर को दी जिसके बाद सीसीटीवी कैमरे देखे गए।

# फोनरवा की वार्षिक आमसभा संपन्न, डीएम ने किया सम्मानित




**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) का वार्षिक आमसभा का आयोजन आज दिनांक 20 अक्टूबर 2024 को फोनरवा कार्यालय सेक्टर-52 में किया गया।

मीटिंग का प्रारंभ अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया और आश्वासन दिया कि फोनरवा आरडब्ल्यूए व निवासियों कि समस्याओं के समाधान के लिए वचनबद्ध है महासचिव के के जैन ने गत बर्ष की गतिविधियों व उपलब्धियों का विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किया। 7 जनवरी, 2024 वर्तमान कार्यकारिणी समिति को दो वर्ष के कार्यकाल के लिए निर्वाचित किया गया है।

कोषाध्यक्ष पवन यादव ने पूरे साल के आय और व्यय का विवरण दिया जिसको सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस अवसर पर गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि सरकार कि नीतियों को पब्लिक तक पहुंचाने एवं प्रचार एवं प्रसार के लिए फोनरवा व आरडब्ल्यूए का प्रशासन को बहुत सहयोग मिलता है। उन्होंने निवेदन किया कि नोएडा में सोलर बिजली का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए इससे लाभार्थी को 40 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक की सब्सिडी मिलेगी। यह सब्सिडी सोलर पैनल की क्षमता के हिसाब से अलग-अलग रहेगी।

इस योजना की मदद से बिजली की खपत में कमी आएगी। जिलाधिकारी ने आरडब्ल्यूए के पदाधिकारीयो को समुदाय के प्रति समर्पित और निस्वार्थ सेवाओं के लिए सदस्यों को सम्मानित किया।



सेक्टर-55 में करवा चौथ पर्व पर चाँद देखने के बाद अपनी धर्म पत्नी को पानी पिलाकर व्रत खुलवाते उद्यमी राजीव गोयल।



ग्रेटर नोएडा एनआरआई रेजीडेंसी सोसायटी में करवा चौथ का व्रत मनाती राष्ट्रीय लोकदल की प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका अत्री एडवोकेट तथा सोसायटी की अन्य महिलाएं।

## चौकी प्रभारी के पराक्रम की जमकर सराहना

### आग लगने पर पहुंच कर परिवार की जान बचाई, होंगे सम्मानित

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के थाना दनकौर क्षेत्र के ग्राम बांजरपुर में करवा चौथ के मौके पर मंडी श्याम नगर चौकी प्रभारी की सजगता से एक परिवार के कई लोगों की जान बच गई।

चौकी प्रभारी मंडी श्यामनगर उप निरीक्षक सुभाष चन्द, ट्रेनी सब इंस्पेक्टर मनदीप गंगवार, कांस्टेबल विक्रांत पंवार के साथ चौकी क्षेत्र में भ्रमणशील थे। वह गश्त करते हुए मय फोर्स के ग्राम बांजरपुर पहुंचे तो एक गली से बच्चे और महिलाओं ने चिल्लाते हुए पुलिस फोर्स को बताया कि सुभाष पुत्र भिकारी लाल के घर में एलपीजी सिलेंडर में बहुत तेज आग लगी है।

उक्त सूचना पर चौकी प्रभारी सुभाष चन्द ने मय फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर साहस का परिचय देते हुए एलपीजी सिलेंडर में लगी आग को प्रशिक्षित तरीके से पूर्ण रूप से बुझाया तथा घर में मौजूद महिलाओं एवं बच्चों को सुरक्षित निकाला। थाना दनकौर पुलिस द्वारा किये गये साहसिक कार्य से प्रभावित होकर ग्राम वासियों ने पुलिस बल की प्रशंसा करते हुए उनका धन्यवाद व्यक्त किया।

वहीं डीसीपी ग्रेटर नोएडा ने पुलिस टीम द्वारा किये गये इस साहसिक कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने की बात कही है।

# सेक्टर-34 में गीत-संगीत-नृत्य के साथ किया चांद का दीदार



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-34 स्थित बी-3 अरावली अपार्टमेंट सेक्टर-34 में पति-पत्नी के आपसी प्रेम के त्योहार करवाचौथ बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम के आयोजक आरडब्ल्यूए अध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस बार अपार्टमेंट की महिलाओं के लिए दाम्पत्य जीवन के परस्पर स्नेह व समर्पण के प्रतीक सुहागिन स्त्रियों के महापर्व करवाचौथ पर सेक्टर-34 के बी-4 पार्क में गीत-संगीत का कार्यक्रम रखा गया ताकि महिलाएं संगीत के साथ चांद का दीदार करते हुए अपना व्रत खोलें।

महिलाओं ने इन पलों के पूरा लुत्फ लिया। सेल्फी प्वाइंट कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। महिलाओं के साथ साथ युवा जोड़ों ने खूब सेल्फी ली। इस दौरान पदमा नायडू, सविता केदार, ज्योतसनामयी आचार्य, शशि श्रीवास्तव, रुचि पारीक, हेमलता, मुदिता रास्तोगी, कल्पना जैन, रानी सुयाल,शर्मिला शर्मा, पारुल, पूजा सिंह, कमलेश, नीतू चौधरी, मोहिनी परिहार,रेखा कुमारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# लोटस वेलफेयर सोसाइटी की नई कमेटी गठित

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर ओमीक्रॉन-3 के लोटस वेलफेयर सोसाइटी में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। सोसाइटी के लोगों ने 'टीम अभ्युदय लोटस' के 11 सदस्यीय नई टीम को निर्विरोध रूप से चुन लिया। अध्यक्ष पद के लिए पंकज सिंह, उपाध्यक्ष पद के लिए अवधेश कुमार त्रिपाठी, महासचिव पद के लिए ऋषिपाल सिंह, कोषाध्यक्ष पद के नरेश कुमार चुने गए।

वहीं सदस्य पद के लिए तेज सिंह भाटी, जितेंद्र सिंह, अरविंद मिश्रा, चमन सिंह, आलोक श्रीवास्तव, कविता और प्रकाश कांडपाल निर्विरोध रूप से चुने गए।



नवनिर्वाचित टीम ने बताया कि सोसाइटी हित में कई सकारात्मक और विकास के कार्य किये जाना बाकी है। इसके लिए अथॉरिटी, सोसाइटी के लोगों की मदद से और खुद के प्रयास से इसे अंजाम तक पहुंचाएंगे।

नई टीम ने सोसाइटी के लोगों के साथ सोसाइटी के मंदिर में पूजा-पाठ कर भगवान का आशीर्वाद लिया । इस दौरान आस-पास की सोसाइटी और सेक्टर के गणमान्य लोग भी वहां मौजूद थे।

# पॉलीटेक्निक बादलपुर में होगी स्पॉट काउन्सिलिंग

गौतमबुद्धनगर। कु0 मायावती राजकीय महिला पॉलीटेक्निक बादलपुर गौतमबुद्धनगर की प्रधानाचार्य ने बताया कि सातवें चरण की काउन्सिलिंग के बाद डिप्लोमा इंजीनियरिंग में रिक्त रह गई सीटों की स्पॉट काउन्सिलिंग 22.10.2024 एवं 23.10.2024 को कु0 मायावती राजकीय महिला पॉलीटेक्निक बादलपुर गौतमबुद्धनगर में की जायेगी।

संस्था में आयोजित स्पॉट काउन्सिलिंग में 22.10.2024 की प्रात: 09:00 से 02:00 बजे तक पंजीकरण, मेरिट तैयारी/घोषणा एवं 23.10.2024 को दस्तावेज सत्यापन, सीट का आवंटन और उम्मीदवारों द्वारा शुल्क का भुकतान आदि गतिविधियां की जायेगी।

उन्होंने बताया कि आयोजित स्पॉट काउन्सिलिंग के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार परिषद की बेवसाइट https://jeecup.admissions.nic.in या मोबाइल नंबर 9389685198, 9451034868, 9456826777 पर सम्पर्क कर सकते है।

# 'जो आए वो गाए' का ग्रांड फिनाले सम्पन्न

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नवरत्न फाउंडेशन्स के 'जो आए वो गाए' कार्यक्रम के सेक्टर-33 नोएडा हॉट में सम्पन्न।




तीसरे संस्करण के ग्रैंड फिनाले में वरिष्ठ वर्ग में पुरषोत्तम बने सर्वोत्तम गायक और कनिष्ठ वर्ग में कुमारी हीरत सिसोदिया ने सर्वोत्तम गायिका की बाज़ी मारी।

इस सीजन के 12वीं एपिसोड के बाद सेमीफाइनल में कुल 16 फाइनलिस्ट चयनित हुए। कनिष्ठ वर्ग में हीरत सिसोदिया को सर्वोत्तम गायक और खुशी महेश्वरी को अति उत्तम गायक के खिताब के लिए ट्राफी व उपहार मिले तो वहीं वरिष्ठ वर्ग से 69 वर्षीय वरिष्ठ रंगमंचीय कलाकार पुरुषोत्तम दास भट्ट को सर्वोत्तम गायक के खिताब के लिए चयनित कर सर्वोत्तम-पुरूषोत्तम कह नवाजा गया।

हर्ष भसीन को अति उत्तम गायक का व अन्य सभी प्रतिभागियों में भूमि शर्मा, अखिल गर्ग, उत्कर्ष श्रीवास्तव, आशीष कुमार शर्मा, डॉ.मृदुस्मिता मंडल, पवन सूद, विनीत शर्मा, रमेश झा, प्रतीक पारीक और कुमारी तवलीन कौर को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण नवरत्न फाउंडेशन्स के ब्रांड एंबेसडर व टीवी रियलिटी शो सा रे गा मा पा व राइजिंग स्टार से बाल्यकाल में मशहूर हुए दिवाकर शर्मा, प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. एसपी मिश्रा, व देश के मशहूर स्टैंड अप कॉमेडियन प्रदीप पल्लवी रहे।

कार्यक्रम में विशिष्ठ के रूप में पूर्व विधायक एवं उतर प्रदेश महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती विमला बाथम, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सम्मानित गायक सरोज मिश्रा, प्रसिद्ध गायिका संगीता ठाकुर, संगीत गुरु अवनींद्र नाथ ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नवरत्न फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव और नोएडा की प्रसिद्ध एंकर शिवानी ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय पांडे, सोमेश्वर शर्मा, पंकज माथुर, कपिल तिवारी, भावना अवस्थी,डॉ नागेश्वर लाल कर्ण, पंडित शिवदत्त शर्मा, पंडित देवदत्त शर्मा, डॉ अदिति शर्मा, क्षितिज माथुर, डॉ सुकृति माथुर व सुमित सक्सेना मौजूद रहे।

# एटीएम कार्ड बदल कर की धोखाधड़ी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** पड़ोसी ने धोखे से एक व्यक्ति का मोबाइल फोन लेकर ऑनलाइन एटीएम कार्ड का आवेदन कर दिया। एटीएम कार्ड आने पर उसने डाकिया से मिली भगत कर एटीएम कार्ड ले लिया और पड़ोसी के खाते से 75000 निकाल लिए। पीड़ित ने थाना जारचा में आरोपी व डाकिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम ऊंचा अमीरपुर निवासी तेजवीर सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह गांव में कपड़े सिलाई की दुकान चलाता है। उसके बराबर में ही अरमान अपनी डॉक्टरी का कार्य करता है। अरमान ने कुछ दिनों पूर्व बहाने से उसका मोबाइल फोन लेकर ऑनलाइन एटीएम कार्ड के लिए आवेदन कर दिया। इसके बाद उसने डाकिया केशव से मिलीभगत कर उसके नाम पर जारी हुआ एटीएम कार्ड ले लिया। कुछ दिनों बाद जब उसने अपने बैंक खाते की पासबुक में एंट्री कराई तो पता चला कि उसके खाते से अलग-अलग तारीख में 75000 रुपए निकाल लिए गए हैं। बैंक कर्मियों ने बताया कि यह पैसे एटीएम से निकले गए हैं। उसने इस विषय में डाकिया केशव से बात की तो पहले तो वह टालमटोल करता रहा। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसका एटीएम कार्ड उसने अरमान को दिया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अरमान व डाकिया केशव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

